दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शनिवार 14 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 335 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सीएम अरविंद केजरीवाल को 'सुप्रीम' राहत

### 156 दिन बाद जेल से बाहर आए, कहा- साजिश पर सत्य की जीत हुई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दो याचिकाओं पर फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को नियमित जमानत देने का फैसला सुनाया। इस संबंध में न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने उनके फैसले पर सहमति जताई। कोर्ट ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी। सीबीआई की गिरफ्तारी से जुड़ी याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अपीलकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं थी।

दरअसल, केजरीवाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी और जमानत से दिल्ली हाईकोर्ट के इनकार को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। पीठ ने पांच सितंबर को केजरीवाल की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख को 26 जून को गिरफ्तार किया था।

**जस्टिस कांत ने गिरफ्तारी को वैध माना :** जस्टिस कांत ने कहा कि तर्कों के आधार पर हमने 3 प्रश्न तैयार किए हैं। क्या गिरफ्तारी अवैधता थी?

क्या अपीलकर्ता को नियमित जमानत दी जानी चाहिए? क्या आरोप पत्र दाखिल करना परिस्थितियों में इतना बदलाव है कि उसे ट्रायल कोर्ट में भेजा जा सके?

उन्होंने आगे कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करना कोई गलत बात नहीं है। हमने पाया है कि सीबीआई ने अपने आवेदन में उन कारणों को बताया है कि उन्हें क्यों ये जरूरी लगा। धारा 41ए (८) का कोई उल्लंघन नहीं है। हमें इस तर्क में कोई दम नहीं लगता कि सीबीआई ने धारा 41ए सीआरपीसी का अनुपालन नहीं किया।

## इन्दिरापुरम के निवासियों को देना होगा जीडीए का बकाया मेंटिनेंस चार्ज

## नगर निगम में ट्रांसफर हो जाने के बाद देना होगा केवल सम्पत्ति कर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मेरठ में हुई बैठक के बाद मंडलायुक्त के निर्देशों के अनुपालन में जीडीए ने इन्दिरापुरम योजना को नगर निगम को हैंडओवर कर दिया। किस मद में कितनी रकम देनी है यह तय हो गया और इसी के साथ इन्दिरापुरम के 7 वार्डों के नगर निगम पार्षद भी अब क्षेत्र का विकास अपनी निधि से करा सकेंगे। हैंडओवर के बाद क्या-क्या परिवर्तन आयेंगे, इसको लेकर धीरे-धीरे जनता को पता चल रहा है। नगर निगम को जब अंतिम रूप से हैंडओवर होगा तो इन्दिरापुरम के लोगों को सम्पत्ति कर देना होगा। लेकिन उससे पहले जिन लोगों ने यहां जीडीए का मेंटीनेंस चार्ज नहीं दिया है उन लोगों को जीडीए का बकाया मेंटीनेंस जमा करना होगा। ऐसा नहीं होगा कि हैंडओवर के बाद वो मेंटीनेंस चार्ज नहीं देंगे। इंदिरापुरम में काफी लोगों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का मेंटीनेंस चार्ज नहीं दिया है। जीडीए योजना का रखरखाव करने के लिए इंदिरापुरम में रहने वालों से मेंटीनेंस चार्ज वसूलता है। इंदिरापुरम योजना सैद्धांतिक रूप से नगर निगम को ट्रांसफर हो गई है, अभी योजना ट्रांसफर की प्रक्रिया में है और जब योजना पूरी तरह ट्रांसफर हो जाएगी तो इंदिरापुरम के लोगों को केवल संपत्ति कर देना होगा, लेकिन जीडीए का बकाया मेंटीनेंस भी जमा करना होगा।

### भेजे जा रहे हैं मेंटिनेंस के बकायेदारों को नोटिस और लिस्ट जायेगी निगम के पास

करंट क्राइम। इंदिरापुरम योजना में मेंटीनेंस के काम देख रहे पीयूष कुमार सिंह का कहना है कि मेंट्रीनेंस के बकाएदारों को नोटिस भेजकर बकाया वसूली तेज की जा रही है। प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों से जीडीए बकाया मेंटीनेंस वसूल कर ले। जो लोग मेंटीनेंस शुल्क जमा नहीं करेंगे उनकी सूची नगर निगम को सौंपी जाएगी, एक तय समय के बाद वसूली की जिम्मेदारी नगर के पास चली जाएगी, लेकिन जो बकाया है तो वो तो जमा करना ही होगा। नगर निगम को योजना का हस्तांतरण होने के बाद इंदिरापुरम के लोग जीडीए और नगर निगम के बीच चक्कर काटने से बच जाएंगे। हस्तांतरण के बाद इंदिरापुरम वालों के सभी काम नगर निगम से होंगे और टैक्स के रूप में केवल संपत्ति कर का भुगतान करना होगा। इंदिरापुरम वालों का बड़ा लाभ यह होगा कि जीडीए से योजना के साथ मिले पैसे से सड़क, सीवर और नालियों के कार्य पूरे हो जाएंगे, इससे आने वाले दिनों में समस्या काफी कम हो जाएगी।

### पहली किश्त का भुगतान करेगा जीडीए मेंटीनेंस वाली रकम से

करंट क्राइम। हैंडओवर के बाद ये तय हुआ कि जीडीए नगर निगम को 185 करोड़ रूपये का भुगतान करेगा। इस भुगतान की पहली किश्त 70 करोड़ रूपये की है। हैंडओवर की शर्त भी यही है कि हैंडओवर उसी दिन से माना जायेगा जिस दिन जीडीए नगर निगम को 70 करोड़ रूपये का भुगतान करेगा। वहीं जीडीए की प्लानिंग ये है कि वो 70 करोड़ रूपये की पहली किश्त अपने मेंटीनेंस वाले भुगतान से देगा। इंदिरापुरम के लोगों पर मेंट्रीनेंस शुल्क का 70 करोड़ रुपया बकाया है। जीडीए इंदिरापुरम योजना का ट्रांसफर करने के साथ इंदिरापुरम को कुल 185 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा। पहले किश्त 70 करोड़ रुपये की होगी। योजना के ट्रांसफर होने की शर्तों में यह स्पष्ट है कि योजना का ट्रांसफर उसी दिन से मांगा जाएगा जिस दिन जीडीए नगर निगम को 70 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा। जीडीए का कहना है कि जल्द ही जीडीए को 70 करोड़ रुपये का भुगतान योजना का हस्तांतरण किया जाएगा, उससे पहले अधिक से अधिक बकाया वसूली के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मंत्रियों वाली लिस्ट का बदल गया सीन

## फाइनली प्रभारी मंत्री हैं अरुण 'असीम'




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को एक लिस्ट को लेकर काफी देर तक भाजपा वालों के फोन झनझनाते रहे। कौन सी लिस्ट सही है कौन सी लिस्ट गलत है ये सब अपने-अपने अनुमान से बताते रहे। समझ में ये नहीं आ रहा था कि नए दायित्व की जिन्हें बधाई दी जा रही है उन्हें ही इस बात की जानकारी क्यों नहीं है और कन्फ्यूजन ये था कि वास्तव में ये आदेश जारी हुए हैं या कोई गफलत हो गई है। इस बीच कई प्रभारी मंत्रियों के जिले बदलने की खबर आई। सब अपने-अपने स्तर पुष्टि करने लगे। दैनिक करंट क्राइम ने जब लखनऊ सूत्रों को टटोला तो पता चला कि मामले में हाफ सच है और आफ टू मच हो गया है।

सूत्र बता रहे हैं कि लिस्ट तो तैयार हो गई थी लेकिन पता नहीं किस स्तर से ये चूक हुई कि लिस्ट पहले ही लीक हो गई। आजकल संचार क्रांति का जमाना है और एक क्लिक पर खबर सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करती है और ऐसा ही हुआ। लिस्ट पब्लिक के हाथों में थी और लखनऊ में ये बातें गूंजने लगी कि आखिर लिस्ट लीक कैसे हुई है।

सूत्र बता रहे हैं कि पहले लिस्ट लीक हो गई और इस बात पर महाराज जी को गुस्सा आ गया और फिर लिस्ट में ही चेंज का तूफान आ गया। सूत्र बताते हैं कि पहले लिस्ट लीक हो गई और जब ये बात महाराज जी तक पहुंची तो बताते हैं कि पारा हाई वाला सीन हो गया और फिर जिन चेहरों को बदला गया था उन्हें अदला गया और जो अदले गए थे वो बदले गए। पूरा जोर इस बात पर लग गया कि अब लिस्ट जारी हुई है तो इसे पूरी तरह वापस भी नहीं लेना है और बताते हैं कि कई नामों को रिसफल किया गया और फिर नई लिस्ट को सफल घोषित किया गया।

### असीम अरुण ही हैं गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुरुवार को एक लिस्ट को लेकर गफलत रही। इस लिस्ट में गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री पूर्व एडीजी असीम अरुण को दूसरे जिले में भेजा जाना बताया गया था। गाजियाबाद का प्रभारी मंत्री जयवर्धन सिंह राठौर को बनाया गया, लेकिन लिस्ट लीक वाले मामले के बाद अब ये स्पष्ट हुआ है कि असीम अरुण ही गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री हैं। प्रभारी मंत्री वाला उनका दायित्व यथावत बना रहेगा। यही बताया गया है कि ना तो प्रभारी मंत्री असीमअरुण बदले गये थे और ना ही बाद में अदला गया है।

## विसर्जन को लेकर 16-17 सितंबर को रहेगा रूट डायवर्जन

### घर से निकलने से पहले वाहन चालक देख लें अपने रूट का प्लान


**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गणपति मूर्ति विसर्जन को लेकर गाजियाबाद में 16 और 17 सितंबर को वाहनों का डायवर्जन रहेगा। कई रास्तों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होगी, इसलिए इन दो दिन घर से निकलने से पहले रूट डायवर्जन प्लान समझना जरूरी है। गाजियाबाद पुलिस ने शुक्रवार को डायवर्जन प्लान जारी कर दिया। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार- उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के श्रद्धालु गाजियाबाद में मुरादनगर गंगनहर व ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में हिंडन घाट के किनारे गणेश मूर्तियों का विसर्जन करते हैं। इसलिए सभी प्रकार के कॉमर्शियल वाहनों का रूट डायवर्जन 16 सितंबर की सुबह 9 बजे से लेकर 17 सितंबर की रात तक रहेगा।

### कॉमर्शियल वाहनों का ये रहेगा रूट डायवर्जन प्लान



- मेरठ से मोदीनगर-मुरादनगर की तरफ सभी प्रकार के कॉमर्शियल वाहनों और बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। ये दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे या हापुड़ होते हुए गंतव्यों को निकलेंगे।
- मोदीनगर से मुरादनगर गंगनहर की तरफ कॉमर्शियल वाहन या बस नहीं जा पाएंगे। ये मोदीनगर में राज चौपला से ही डायवर्ट हो जाएंगे।
- एएलटी की तरफ से वाहन मुरादनगर गंगनहर की तरफ नहीं आएंगे। ये वाहन हापुड़ चुंगी, आत्माराम स्टील होकर नेशनल हाईवे-9 से निकलेंगे।
- मेरठ जानी, नानू गंगनहर से कॉमर्शियल वाहनों का संचालन मुरादनगर की तरफ प्रतिबंधित रहेगा।
- पाइप लाइन मार्ग पर टीला मोड़ से वाहन नहीं आएंगे। ये वाहन लोनी तिराहा से ईस्टर्न पेरिफेरल का प्रयोग करके डासना पर उतरेंगे।
- ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के दुहाई इंटरचेंज एग्जिट से कोई वाहन मुरादनगर गंगनहर की तरफ नहीं जाएगा।
- तुलसी निकेतन भोपुरा और सीमापुरी-अप्सरा बॉर्डर से कॉमर्शियल वाहन गाजियाबाद की तरफ नहीं आ सकेंगे। ये यूपी गेट होते हुए नेशनल हाईवे-9 पर निकल सकेंगे।

## शोक संदेश महंत मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी का आकस्मिक निधन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। महंत मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी का गुरूवार की देर रात निधन हो गया। पंकज त्यागी उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रहीं तथा प्रयागराज से सांसद रहीं रीता बहुगुणा जोशी के करीबी लोगों में माने जाते थे। पंकज त्यागी मूल रूप से साहिबाबाद क्षेत्र में रहते थे। वह बेहद सामाजिक और मिलनसार स्वभाव के थे।

कुछ समय पहले ही उन्होंने संन्यास दीक्षा ली थी और वो महंत मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी के नाम से सन्यास जीवन में आ गये थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## शहर की 125 साल पुरानी रामलीला का भूमि पूजन समारोह क्यों रह गया ढीला

## खलीफा और उस्ताद वाली परम्परा के अखाड़े की कभी नहीं रही ऐसी फीकी लीला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रीसुल्लामल रामलीला केवल गाजियाबाद की नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की प्राचीन और अपने आपमे इतिहास समेटे रामलीला है। ये ऐसी रामलीला है जिसके पास रथ अपने हैं। जिसकी राम बरात में 100 से ज्यादा बैंड आते हैं और लगभग पूरी रात शहर के पथ पर इस रामलीला के रथ निकलते हैं। ये ऐसी रामलीला है जिसके पास मैदान अपना है। ये ऐसी रामलीला है जिसका मंच अपने आपमें प्रतिष्ठित मंच माना जाता है। एक ऐसी रामलीला जिसमें उस्ताद और खलीफा की परम्परा है। इस रामलीला का भूमि पूजन अपने आप में शहर की एक बड़ी परम्परा है। ये ऐसी रामलीला है जिसकी शुरूआत रावण के दूत के नगर भ्रमण के साथ होती है और जब यहां रामलीला शुरू होती है तो रावणराज की मुनादी होती है। इस रामलीला से दिवंगत पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल जुड़े रहे हैं। इस रामलीला का बजट करोड़ों में होता है। इस रामलीला से वर्तमान लोकसभा सांसद अतुल गर्ग आत्मीय लगाव बताया जाता है। शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति इस रामलीला कमेटी के सदस्य हैं। लेकिन इस बार जब रामलीला का भूमि पूजन हुआ तो पूरा शहर ये देख कर हैरान रह गया कि इतना फीका आयोजन तो इस रामलीला का कभी नहीं रहा। शहर की सबसे पुरानी रामलीला का भूमि पूजन



होता था तो यहां पक्ष और विपक्ष के नेता आते थे। शहर के व्यापार मंडलों के सारे अध्यक्ष आते थे। समाजिक कार्यकर्ता आते थे। लेकिन इस बार नजरें यहीं तलाशती रहीं कि नेताओं को बुलाया नहीं गया या कुछ ऐसा हो गया कि नेता आये नहीं। टटोलने पर ये पता चला कि अधिकांश नेताओं को कमेटी की तरफ से निमंत्रण पत्र ही नहीं भेजे गये।

कमेटी से जुड़े लोग इसे मौजूदा कमेटी की कमी बताते हैं। पुराने लोग कहते हैं कि पहले भी यहां एक टीम थी। पहले भी यहां एक कमेटी थी जो मान-सम्मान के साथ पूरे शहर को निमंत्रण देती थी। कोरियर के जरिए निमंत्रण पत्र भेजे जाते थे। दिवंगत वीनू बाबा से लेकर मनोज गोयल बंटी द्वारा सभी को निमंत्रण के फोन होते थे। सबकी मनुहार होती थी और जो लोग भूमि पूजन में आते थे उन सभी की आवाभगत होती थी। देखने वाले बता रहे हैं कि मेयर सुनीता दयाल जब यहां आईं तो उनके साथ उनकी पार्टी के एक पार्षद थे। मेयर का दर्जा प्रथम नागरिक का होता है और कमेटी के पदाधिकारियों का ये फर्ज बनता था कि वो उन्हें गेट पर रिसीव करें और फिर आदरपूर्वक लेकर आयें। लेकिन देखने वालों ने देखा कि मेयर आईं और कुछ देर अकेले बैठने के बाद वो चलीं गईं। ये कमी किसकी मानी जायेगी कि आपके दरवाजे से शहर की प्रथम नागरिक लौट गईं। इतना फीका आयोजन क्यों रह गया और कालातीत हो चुकी कमेटी के पदाधिकारियों ने क्यों नहीं शहर के नामचीन लोगों को आमंत्रित किया। ये बड़ा सवाल है कि शहर की सबसे बड़ी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को अपने आप में समेटे सुल्लामल रामलीला कमेटी का कद इतना छोटा हो जायेगा, ये किसी ने नहीं सोचा था। अब ये आवाज भी उठने लगी है कि आखिर इस कमेटी को सदस्यों ने केवल धन कमाने के लिए चुना था। किराये पर बैंकट हॉल चलाने से, मैदान में अलग-अलग मेले लगवाने से धन तो आ जायेगा लेकिन कमेटी के अस्तित्व का क्या होगा। रामलीला कमेटी का स्तर सुधारने के लिए काम होना चाहिए। सवाल अब ये भी उठा है कि आखिर वो कौन से लोग हैं जो यहां चुनाव नहीं होने देना चाहते। आखिर डिप्टी रजिस्ट्रार के सामने ऐसी क्या मजबूरी है कि वो कालातीत हो चुकी कमेटी का चुनाव ही नहीं करा रहे हैं। शहर की एक परम्परा है और इसका समृद्ध होना और इसके स्तर का उन्नत होना गाजियाबाद शहर के लिए जरूरी है।

# आने वाले पांच सालों में यूपी में खत्म हो जाएगी डॉक्टरों की कमी, बनेंगे नए कई मेडिकल कॉलेज

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि आने वाले पांच सालों में यूपी में डॉक्टरों की समस्या खत्म हो जाएगी। सीएम शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। यह बात यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। सीएम शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था।सीएम योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण



किया। इस दौरान सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। यह अस्पताल से बढ़ करके 1300 बेड के बड़े संस्थान के रूप में विकसित हो करके सबके सामने है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है, जहां 5 करोड़ 11 लाख से अधिक आयुष्मान भारत के गोल्डन कार्ड जारी किये जा चुके हैं। यूनियन कैबिनेट ने 70 वर्ष से ऊपर के हर एक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष से 7 वर्ष पहले इसके बारे में कोई सोच नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से बिना भेदभाव के इलाज के लिए पैसे दिये जा रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, प्रो. अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### अगले पांच वर्ष में खत्म हो जाएगी डॉक्टरों की कमी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ। कोविड-19 पर काबू पाने में इसी अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को बढ़ा रही है। आने वाले अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हम एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की तरफ बढ़ चुके हैं। प्रदेश के सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे। इसके लिए हमें टीमवर्क के साथ काम करना होगा। आरएमएल उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत का गेटवे है। यह उपब्लधि ऐसे ही नहीं मिली है। इसके पीछे सकारात्मक सोच और टीमवर्क है।

### हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि परंपरा में बीज का वृक्ष बन जाना संस्कृति कहलाता है, जबकि बीज का सड़कर नष्ट हो जाता विकृति कहलाता है। हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है। ऋषि परंपरा के अनुरूप ही डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल से इंस्टीट्यूट बनकर सबके सामने है। संस्थान उत्तर भारत में चिकित्सा स्वास्थ्य का बेहतरीन केंद्र बनकर उभर रहा है। यह संस्थान की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने पर परिणाम भी अच्छे आते हैं। एक संस्थान बना देना समस्या का समाधान नहीं होता, यह किन हाथों में है, यह महत्वपूर्ण होता है। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ी सिटी है। यहां लगभग 70 लाख की आबादी निवास करती है। आरएमएल की पहचान पूर्वी उत्तर प्रदेश के गेटवे के रूप में होती है।

## केजरीवाल को जमानत मिलने पर बोले मनोज तिवारी

### दिल्ली को कितना दर्द दोगे ये जनता पूछना चाहती है

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइंया की पीठ ने उन्हें जमानत दे दी। हालांकि कोर्ट ने केजरीवाल को 10-10 लाख रुपये के मुचलके के साथ-साथ उन पर कुछ शर्तें भी लगाई हैं। एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जश्न मना रहे है, वहीं केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी, उन पर हमलावर है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने सीएम केजरीवाल को जमानत मिलने पर कहा कि एक आरोपी बेल पर बाहर आ रहा है, वो दिल्ली का दोषी और अपराधी है। दिल्ली के साथ अपराध किया है। लेकिन कोर्ट कहती है कि वो मुख्यमंत्री के रूप में कोई फाइल साइन नहीं कर सकते, दफ्तर नहीं जा सकते हैं। दिल्ली की हालात खराब है, सड़क टूटी है, पानी गंदा है, टैंकर माफिया हावी है, बिजली और पानी का बढ़ा बिल आ रहे हैं, शर्म नहीं आती है जब कुछ कर नहीं सकते हैं तो सीएम केजरीवाल इस्तीफा दे दें। उन्होंने कहा कि आप किसी और को लेकर आओ, दिल्ली को इतनी तकलीफ दे दी है और कितनी तकलीफें देंगे। कोर्ट कहती है 10 लाख रुपये की जमानत पर बाहर जाएंगे, सीबीआई की गिरफ्तारी बिल्कुल कानूनी है, इसके बावजूद भी वो व्यक्ति इस्तीफा देने से इनकार कर रहा है, जिसके दिल में दिल्ली के प्रति जरा भी दर्द होता, ऐसी परिस्थिति में कोर्ट की टिप्पणी और निर्णय के बाद नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देता। अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली को कितना दर्द दोगे, ये दिल्ली की जनता पूछना चाहती है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र



गुप्ता ने कहा कि शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बेल मिली है और आम आदमी पार्टी जश्न मना रही है।

केजरीवाल किसी फाइल में साइन नहीं कर सकते, ना ही मुख्यमंत्री कार्यालय और ना ही सचिवालय जा सकते हैं। इसका मतलब क्या हुआ, वो सिर्फ अपने ऐशोआराम के लिए मुख्यमंत्री रहेंगे, अलीशान बंगला और सरकारी गाड़ियों में घूम सकेंगे। लेकिन जनता का कोई काम नहीं कर सकेंगे। केजरीवाल को मिली बेल से जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला है। मगर आम आदमी पार्टी मिठाइयां बांट रही है क्योंकि उन्हें जनता से कोई लेना देना नहीं है। सिर्फ अपने भ्रष्टाचार से लेना देना है।

## न्यूज डायरी

### सपा-बसपा गठबंधन टूटने की वजहों पर अब मायावती ने किया पलटवार

**लखनऊ।** 2019 के लोकसभा चुनावों में सपा और बसपा के बीच गठबंधन हुआ था। चुनावों के बाद यह गठबंधन टूट गया था। अब इस पर अखिलेश और मायावती दोनों ने ही गठबंधन टूटने की वजह बताई हैं।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2019 में सपा-बसपा का गठबंधन टूटने पर सालों बाद अखिलेश यादव की सफाई कितनी विश्वसनीय और उचित है। चुनाव में बसपा की 10 और सपा की 5 सीटों पर जीत के बाद गठबंधन टूटने के बारे में मैंने सार्वजनिक तौर पर भी यही कहा था कि सपा प्रमुख ने मेरे फोन का भी जवाब देना बंद कर दिया था। बसपा सुप्रीमो ने दिए गए अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए आज सोशल मीडिया पर लिखा कि अब इतने सालों बाद सफाई देना कितना उचित व विश्वसनीय है, यह सोचने वाली बात है। बसपा सैद्धांतिक कारणों से गठबंधन नहीं करती है। अगर बड़े उद्देश्यों को लेकर कभी गठबंधन करती है तो फिर उसके प्रति ईमानदार भी जरूर रहती है। सपा के साथ 1993 व 20219 में हुए गठबंधन को निभाने का भरपूर प्रयास किया गया, लेकिन बहुजन समाज के हित व आत्मसम्मान सर्वोपरि है। बसपा जातिवादी संकीर्ण राजनीति के विरुद्ध है। लिहाजा चुनावी स्वार्थ के लिए आपाधापी में गठबंधन करने से अलग हटकर बहुजन समाज में आपसी भाईचारा बनाकर राजनीतिक शक्ति बनने का मूवमेंट है। ताकि डॉ. भीमराव अंबेडकर का मिशन सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर हो सके।



#### ईडब्ल्यूएस आरक्षण का हो रहा दुरुपयोग

बसपा सुप्रीमो ने आर्थिक आधार पर 10 फीसदी आरक्षण दिए जाने की नई व्यवस्था का दुरुपयोग होने का आरोप लगाया है। उन्होंने उपचुनाव के संबंध में जारी अपनी बुकलेट में लिखा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को सामाजिक व शैक्षिक पिछड़ेपन के आधार पर मिल रहे संवैधानिक अधिकारों के विरुद्ध आर्थिक आधार पर 10 प्रतिशत आरक्षण देने की नई परंपरा की शुरूआत भाजपा और कांग्रेस ने मिलकर की है। आरक्षण का यह नया अध्याय गरीबी उन्मूलन की सरकारी स्कीम है। इस व्यवस्था का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। यह रोग आईएएस अफसरों तक फैल जाने से पूरी व्यवस्था ही कटघरे में खड़ी हुई नजर आ रही है। यह गवर्नेंस के मामले में शर्मिंदा होने वाली बात है।

#### जूता सिलने की मशीन देना कांग्रेस का सामाजिक बदलाव

उन्होंने लिखा कि हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा जूता मरम्मत का स्वरोजगार करने वाले व्यक्ति की दुकान पर जाना और बाद में उसे जूता सिलाई की मशीन भिजवाना सामाजिक बदलाव का बड़ा कदम बताया गया। बसपा और अन्य दलों की सोच में यही अंतर है। ये लोग हाथ की जगह मशीन से जूता मरम्मत करवाने को सामाजिक बदलाव का बड़ा काम मानकर चलते हैं, जबकि बसपा का सामाजिक परिवर्तन का मिशन कहता है कि जूता मरम्मत या सफाई आदि का कार्य एक जाति विशेष का व्यक्ति ही अपने जन्म के आधार पर क्यों करे।

## राम जन्मभूमि मंदिर की सफाईकर्मी से सामूहिक दुष्कर्म

### अलग-अलग होटलों में जाकर की वारदात, आठ गिरफ्तार

**लखनऊ।** अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र में एक महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा और राम जन्मभूमि मंदिर में सफाई कर्मी युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। मामले में आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा से तीन युवकों ने पखवारे भर तक अलग-अलग होटलों में ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके पांच अन्य दोस्तों ने भी उससे छेड़छाड़ की। छात्रा की तहरीर पर कैंट थाने की पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रौनाही थाना क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा ने दर्ज एफआईआर में



बताया कि वह एक महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा और राम जन्मभूमि मंदिर में सफाई कर्मी है। वह सहादतगंज निवासी वंश चौधरी नामक युवक को पिछले चार वर्ष से जानती है। 16 अगस्त को वंश चौधरी उसके दोस्त विनय और शारिक घूमाने के बहाने उसे अंगूरी बाग स्थित एक गेस्ट हाउस में ले गए। वहां तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वे लोग उसे बनवीरपुर स्थित एक गैराज में लेकर गए, जहां वंश चौधरी ने फिर से दुष्कर्म किया और उसके दोस्त शिवा ने नशे की हालत में उसके साथ छेड़छाड़ की। इस बीच वह आरोपियों के चंगुल में रही और 18 अगस्त की सुबह 11:00 बजे विनय ने उसे देवकाली बाईपास के पास छोड़ दिया। 22 व 23 अगस्त की रात वंश चौधरी व विनय ने उसी गैराज में उससे दुष्कर्म किया। 25 अगस्त की सुबह चार बजे उदित, वंश चौधरी, सत्यम और दो अज्ञात लोग उसे रामजन्मभूमि ले जाने के बहाने आए और रास्ते में सभी ने छेड़छाड़ की। इस वजह से गाड़ी भी डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह घायल हो गई तो सभी ने उसे नाका के पास छोड़ दिया। कैंट थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

## सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 में से 14 मजदूर घर लौटे, 31 अब भी फंसे

**रांची।** सऊदी अरब में पिछले कई महीनों से फंसे झारखंड के 45 मजदूरों में से 14 की घर वापसी हो गई है। बाकी 31 मजदूरों की वापसी का प्रयास जारी है। ये सभी लोग हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के रहने वाले हैं। इन्हें केरल के एजेंटों ने अलग-अलग कंपनियों में मजदूरी के लिए भेजा था। मजदूरों से वहां कठिन परिस्थितियों में न सिर्फ जबरन काम कराया जा रहा है, बल्कि ज्यादातर की कई महीनों की मजदूरी भी बकाया है। फंसे मजदूरों ने कई बार वीडियो मेसेज जारी कर केंद्र एवं राज्य सरकार से वापसी की गुहार लगाई है। झारखंड सरकार के श्रम विभाग के आग्रह पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप से मजदूरों की वापसी के प्रयास चल रहे हैं। पहली खेप में वापस आए 14 मजदूरों ने बताया कि उन्हें केरल निवासी एजेंट आरएस पांडियन एवं एलके स्वामी ने सऊदी अरब भेजा गया था। वहां रोजगार



दिलाने के एवज में हर मजदूर से 55 हजार रुपये लिए गए थे। यह रकम आरएस पांडियन के बेटे एस. मनिबाला के खाते में जमा कराई गई थी। उन्हें बेहतर सैलरी वाली नौकरी दिलाने का वादा किया गया था। 11 मई, 2023 को वे सऊदी रवाना हुए, लेकिन उन्हें वहां कठिन परिस्थितियों वाले काम में लगा दिया गया। सैलरी भी वादे के अनुसार नहीं दी गई। सऊदी अरब पहुंचने पर कंपनी के लोगों ने इनका पासपोर्ट जब्त कर लिया। ज्यादातर लोगों के कई महीने के वेतन बकाया हैं। वापस आए मजदूरों में हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बलमक्का निवासी तिलक महतो, उच्च घना निवासी नंदलाल महतो, सुकर महतो, सुनील महतो, करगालो निवासी बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, नागी निवासी चुरामन महतो, गालोबार निवासी भुवनेश्वर महतो, हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत भैयाडीह निवासी बालगोविंद महतो, गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सोहन कुमार, बेको निवासी कामेश्वर साव, निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरदाग गांव निवासी गणेश साव और बोकारो जिले के चतरोचट्टी क्षेत्र के अंतर्गत बड़की सीधा बारा निवासी मनोहर महतो शामिल हैं।

## सीएम केजरीवाल को जमानत मिलने से इंडिया गठबंधन मजबूत होगा : मनोज पांडेय

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत दे दी है। कोर्ट ने ये जमानत कथित शराब नीति से जुड़ी सीबीआई की एफआईआर मामले में दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि जमानत तो मिलनी ही थी। बेबुनियाद आरोप में कितने दिन जेल में रखेंगे। हेमंत सोरेन को 5 महीने तक जेल में रखा गया। वह पांच महीने कौन लौटाएगा। अरविंद केजरीवाल को जमानत पहले ही मिल जानी चाहिए थी। लेकिन, देर से ही सही जमानत मिल गई है। मनोज पांडेय ने कहा, अरविंद केजरीवाल के बाहर आने से निश्चित ही इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। अरविंद केजरीवाल उन चंद नेताओं में से हैं जो सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ खड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत देने के दौरान सख्त शर्त रखी है। वह मुख्यमंत्री ऑफिस नहीं जा सकते हैं।



किसी फाइल पर साइन नहीं कर सकते हैं। केस से संबंधित कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित नहीं कर सकते हैं। मनोज पांडेय ने कहा, कोर्ट ने जो भी दिशा-निर्देश उन्हें दिए हैं, उनका उन्हें पालन करना चाहिए। मुझे लगता है कि वह कोर्ट के निर्देश का पालन करेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे देने वाले बयान पर उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि यह उनका निजी विचार है। लेकिन, जो घटना पश्चिम बंगाल में हुई है, उसने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। सभी लोग इससे बहुत आहात हैं। मुख्यमंत्री का प्रयास है कि दोबारा इस तरह की घटना प्रदेश में न हो। इसके लिए उन्होंने आवश्यक कदम भी उठाए हैं। आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए कानून बनाकर आगे भेजा गया। मैं मानता हूं कि उनकी ईमानदार कोशिश है और इसके पीछे जो कुछ राजनीतिक दल हैं, जो राजनीति कर रहे हैं, उससे अफसोस होता है।

दूसरे राज्यों में भी वीभत्स घटनाएं होती हैं। मध्य प्रदेश में दो महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हुआ है। उज्जैन में घटनाएं सामने आईं। ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। बल्कि, प्रयास होना चाहिए कि इस तरह की घटना दोबारा न हो। कड़े से कड़े कानून बनाने की जरूरत है।

## टिकट बंटवारे में भूपेंद्र हुड्डा को यूं ही नहीं मिला अपर हैंड, 78 टिकटों के पीछे की यह है कहानी

**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को टिकट बंटवारे में फ्री हैंड दिया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थकों का दावा है कि यहां की 90 सीटों में से 78 सीटों पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद से प्रत्याशी उतारे गए हैं। इससे पहले भी लोकसभा के चुनावों में भी मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सलाह पर जिताऊ प्रत्याशियों को सियासी मैदान में उतारा गया था। हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस फूंक फूंक कर कदम रख रही है। चुनाव से पहले की स्थितियां ऐसी बनी कि कांग्रेस को कहना पड़ा की किसी भी सांसद को सियासी मैदान में नहीं उतारा जाएगा। इसके पीछे भी एक बड़ा सियासी संदेश छिपा हुआ था। इसके बाद भी कांग्रेस हरियाणा में चुनाव जीतने की दशा में या उससे पहले मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर खुली और दबी जुबान में कुछ भी कहने से बच रही है। वही हरियाणा में कांग्रेस का टिकट बंटवारे को लेकर जिस तरीके से पार्टी ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ओपन हैंड दिया, उससे सियासी गलियारों में कई तरीके के कयास लगाए लगाए जा रहे हैं।

हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को टिकट बंटवारे में फ्री हैंड दिया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थकों का दावा है कि यहां की 90 सीटों में से 78 सीटों पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद से प्रत्याशी उतारे गए हैं। इससे पहले भी लोकसभा के चुनावों में भी मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सलाह पर जिताऊ प्रत्याशियों को सियासी मैदान में उतारा गया था।



जिसका नतीजा पार्टी के हिस्से में फायदे के तौर पर सामने आया था। कांग्रेस पार्टी से जुड़े कुछ वरिष्ठ नेताओं ने दबी जुबान से इस बात को मना है कि इसी आधार पर विधानसभा के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सलाह को प्राथमिकता दी गई। यही वजह है कि पार्टी के अपने तमाम सर्वे और वरिष्ठ नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्री की सलाह पर सबसे ज्यादा टिकट दिए हैं। राजनीतिक जानकार और वरिष्ठ पत्रकार अरविंद शर्मा बताते हैं कि जिस तरीके की हरियाणा में सियासी चचाएं हो रही है उससे तो स्पष्ट हो रहा है कि कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर बड़ा दांव लगाया है। यही वजह है कि उनकी सिफारिश पर उनकी पसंद के 78 प्रत्याशियों को टिकट मिला है। शर्मा कहते हैं कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यही सबसे बड़ी गलती की थी। सियासी गलियारों में खुले तौर पर यह बात कही जा रही थी कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सिफारिश और उनकी टिकट आवंटन में प्रत्याशियों के चयन की राय को दरकिनार किया गया था। इसका नतीजा पार्टी को बड़ी हार के तौर पर देखना पड़ा था। उनका कहना है की अब एक बार जब फिर विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं तो पार्टी ने अपने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सलाह को प्राथमिकता देकर उनकी सहमति के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। हालांकि उनका कहना है कि यह प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे या हारेंगे यह तो चुनावी परिणाम बताएंगे। लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा को टिकट बंटवारे में मिले खुले हाथ से एक संदेश पार्टी के भीतर भी गया है। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस पार्टी की खेमेबंदी किसी से छिपी नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद शर्मा कहते हैं कि इसमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के खेमे के समर्थक लगातार अपने नेताओं को आगे करने मांग भी करते रहे हैं और आगे भी आते रहे हैं। क्योंकि लोकसभा के चुनाव में जो परिणाम आए और उसके बाद जातिगत समीकरणों के आधार पर पार्टी ने जो सियासी रोड मैप बिछाया उसमें कांग्रेस कोई चूक नहीं होने देना चाहती है।

यही वजह है कि पार्टी ने जाट नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को तबज्जो देकर जातिगत समीकरणों के लिहाज से बड़ा संदेश दिया है। जबकि कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला की सिफारिश पर भी दिए गए टिकटों से पार्टी ने राजनीतिक समीकरण तो साधे हैं। लेकिन हुड्डा को मिला अपर हैंड राजनीतिक गलियारों में एक बड़े संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पार्टी ने जो भी प्रत्याशी सियासी मैदान में उतारे हैं वह पूरी प्रक्रिया के बाद और जिताऊ प्रत्याशी के तौर पर ही उतारे गए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय कमेटी और वरिष्ठ नेताओं की सहमति के साथ हरियाणा में जीत कर सरकार बनाने वाले जिताऊ प्रत्याशियों को ही चुनाव लड़ने के लिए मैदान में भेजा गया है। कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि टिकट बंटवारे में किसी तरीके का कोई कोटा नहीं चलेगा। चुनाव जीतने के लिए वही प्रत्याशी मैदान में उतारे जाएंगे जो जिताऊ होंगे। पार्टी ने इसका पूरा ध्यान रखकर ही प्रत्याशियों का चयन किया है।

## बारिश में भरभराकर गिरी मकान की छत, मासूम भाई-बहन की मौत, मां समेत दो घायल



**मेरठ।** मेरठ से सटे बहसूमा में एक मकान की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक परिवार पर बारिश आफत बनकर टूटी। बारिश से मकान की छत गिरने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई।

जबकि एक बच्चा और मां घायल हुए हैं। पश्चिमी यूपी में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश अब लोगों के लिए आफत बन रही है। मेरठ में बारिश से आज दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां बहसूमा थानाक्षेत्र में क्षेत्र के गांव मोड खुर्द में शुक्रवार को मकान की छत गिरने से परिवार दब गया। हादसे में डेढ़ साल की मासूम इनाया और चार वर्ष के बिलाल की मौके पर मौत हो गई। हादसे में मृतक बिलाल का भाई जुनैद (7) वह उनकी मां रुखसार गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप से घायलों को मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर पार्षदों ने खोल दिया है विरोध वाला मोर्चा

# पार्षद बोले, फैसला है जनता के खिलाफ और हम देंगे जनता का साथ

उदय वीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में सरकार बनाम सरकारी घमासान चल रहा है। मेयर और नगर आयुक्त के बीच का टकराव अब किसी से छुपा नहीं है। लैटर वॉर में नया कदम उठा और मेयर ने मुख्यमंत्री को पत्र तो लिखा ही साथ ही भाजपा संगठन के पदाधिकारी को पत्र लिख दिया। हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी पर विरोध जताया और कहा कि यह सरकार को नुकसान पहुंचायेगा। उपचुनाव आ रहा है और इस फैसले से नुकसान होगा। मेयर ने अपनी बात कही और पार्षद इस मुद्दे पर क्या कहते हैं इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह ने हिंडन पार क्षेत्र के पार्षदों से बात की। यहां पर सबसे खास बात ये रही कि भाजपा के पार्षद ही इस फैसले के विरोध में आ गये। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स के मामले में जनता के साथ हैं। अधिकारियों का ये फैसला जनता के खिलाफ है और हम जनता का साथ देंगे। पार्षदों ने कहा कि डीएम सर्किल रेट के हिसाब से लागू नहीं होने देंगे। अगर ऐसा हुआ तो हम सभी पार्षद खुलकर विरोध करेंगे और फिर जनता के साथ मिलकर सड़कों पर धरने व प्रदर्शन होंगे। भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाये हैं कि नगर निगम सड़क, सीवर, पानी जैसी सुविधायें नहीं दे रहा है। जनता पर टैक्स के रूप में बोझ लादा जा रहा है। सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। सबसे खास बात ये रही है कि सभी पार्षद मेयर के साथ आ गये है। उनका कहना है कि मेयर नगर निगम के सदन की मुखिया हैं, हम अपनी मेयर के साथ रहेंगे। बोर्ड बैठक में जमकर हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध होगा।

## 1700 दुकानदारों का धरना नहीं झेल पाई निगम, 17 लाख लोगों को कैसे झेलेगी : गौरव सोलंकी



**करंट क्राइम।** वार्ड 76 के पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ोतरी का खुलकर विरोध करेंगे, उन्होंने कहा कार्यकारिणी में भी हमने खुलकर विरोध किया था और अब भी खुलकर विरोध कर रहे हैं, उन्होंने कहा नगर निगम में 1700 दुकानदारों पर जो किराया बढ़ोतरी का मामला चल रहा है। वह तो उनसे झिला नहीं अब 17 लाख जनता पर कैसे हाउस टैक्स बढ़ाकर झेल पाएगी। हम जनता के साथ खड़े हैं जनता हमारी वजह से ही चुप बैठी है, जिस दिन हाउस टैक्स बढ़ता है। तो गली मोहल्ले में धरना प्रदर्शन होगा किसी भी कीमत पर हाउस टैक्स बढ़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा की नगर निगम के अधिकारियों ने अंधेरे में रखकर जनता पर जजिया कर लगाने का काम क्या है।

## जीने लायक सुविधा मिल रही है, जनता पर कैसे बढ़ने देंगे हाउस टैक्सः हिमांशु चौधरी



**करंट क्राइम।** वार्ड 40 के पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया की मेयर सुनीता दयाल की पहल का हम स्वागत करते हैं, और हाउस टैक्स का पहले भी विरोध किया था। आज भी विरोध कर रहे हैं, जनता को केवल जीने लायक सुविधा मिल रही है। वार्ड में सड़क सीवर पानी सफाई की कोई सुविधा नहीं है, फिर जनता के ऊपर कैसे हाउस टैक्स बढ़ोतरी का भार झेलने के लिए छोड़ दिया जाए। हम इसका खुलकर विरोध करेंगे, पहले भी किया है अभी करेंगे नगर निगम के अधिकारी अनावश्यक जनता पर टैक्स थोप रहे हैं, अपनी वाहवाही लूटने के लिए जी नही होगा।

## मेयर के फैसले का स्वागत खुलकर करेंगे टैक्स बढ़ोतरी का विरोधः राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम।** वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा मेयर सुनीता दयाल के फैसले स्वागत करते हैं, गाजियाबाद की जनता के हित में ही मेयर ने यह फैसला लिया है। कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ना चाहिए, उन्होंने कहा कि पहले भी हमने इसका विरोध किया था। और आज भी करेंगे आने वाली बोर्ड बैठक में किसका खुलकर विरोध करेंगे नगर निगम के अधिकारी जनता पर टैक्स के रूप में भार डाल रहे हैं, जिसे पार्षद कतई भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए जो भी करना पड़े करेंगे धरना प्रदर्शन करने की नौबत आई तो नगर निगम पर बैठकर ही धरना प्रदर्शन देंगे, लेकिन हाउस टैक्स बढ़ाने नहीं दिया जाएगा।

## हाउस टैक्स बढ़ने से जनता में रोषः विनय चौधरी



**करंट क्राइम।** वार्ड 68 के पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि नगर निगम ने जो हाउस टैक्स बढ़ाया इससे क्षेत्र की जनता में रोष है, हाउस टैक्स किसी भी सूरत में बढ़ाया नहीं जाएगा। हम मेयर के साथ हैं, मेयर ने कहा हाउस टैक्स नहीं बढ़ना चाहिए तो नहीं बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता पर टैक्स के रूप में भार पड़ रहा है जिसे पार्षद कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## हाउस टैक्स बढ़ा तो करेंगे विरोधः राहुल शर्मा



**करंट क्राइम।** वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने कहा कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ना चाहिए, यदि बढ़ता है, तो इसका खुलकर विरोध करेंगे। मेयर के फैसले का हम स्वागत करते हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने जो अपनी मनमानी कर कर हाउस टैक्स बढ़ाया है। उसका बोर्ड बैठक में खोलकर विरोध करेंगे, मेयर भी हमारे साथ है हाउस टैक्स किसी भी हालत में बढ़ने नहीं दिया जाएगा हम जनता के साथ हैं, जनता हमारे साथ।

## हाउस टैक्स बिल्कुल नहीं बढ़ना चाहिएः खुर्शीदा कल्लन बेगम



**करंट क्राइम।** वार्ड 34 की पार्षद खुर्शीद कल्लन बेगम ने कहा किसी भी सूरत में हाउस टैक्स नहीं बढ़ना चाहिए, पिछली साल भी इसका खुलकर विरोध किया था। इस बार भी खुलकर विरोध कर रहे हैं, इस बार भी खुलकर विरोध करेंगे, जनता पर अनावश्यक भार नहीं डालने दिया जाएगा। जिसका सभी पार्षद मिलकर विरोध कर रहे हैं, मेयर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है, कि हाउस टैक्स नहीं बनना चाहिए जिससे गाजियाबाद की जनता पर अधिक भार पड़े।

## कोविड से अभी जनता उभर नहीं पाई, टैक्स का बोझ डाल रही निगम, करेंगे विरोधः राजकुमार भाटी



**करंट क्राइम।** वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि जनता पर टैक्स के रूप में नगर निगम बोझ डाल रही है, जो नही होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोविड से अभी जनता उभरी नहीं नगर निगम टैक्स के रूप में नया बोझ जनता पर थोप रही है। जिसका खुलकर विरोध पहले भी बोर्ड बैठक में हमने इसका विरोध किया था। इस बार भी विरोध करेंगे उन्होंने कहा कि हम महापौर के साथ है, महापौर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हाउस टैक्स का विरोध किया है हम मेयर के साथ है।

## नहीं बढ़ना चाहिए हाउस टैक्स, हम जनता के साथः नरेश भाटी



**करंट क्राइम।** वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि पार्षद हमेशा जनता के साथ है, जनता पर टैक्स के रूप में भार नहीं बढ़ने दिया जाएगा। उन्होंने कहा अधिकारी अपनी मनमानी करके हाउस टैक्स बढ़ा रहे हैं, जिसका खुलकर विरोध करेंगे निगम के अधिकारी किसी न किसी रूप में जनता पर टैक्स के रूप में भार डालते है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## गांव से भी ज्यादा हालात खराब वार्ड 20 के, टैक्स कैसा : यशपाल पहलवान



**करंट क्राइम।** वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि सदन को गुमराह कर निगम अधिकारियों ने डीएम सर्किल रेट के हिसाब से संपत्ति बढ़ाया है, जो उचित नहीं है। इस आदेश को निरस्त किया जाए। जब तक 90 प्रतिशत संपत्तियों से कर वसूली नहीं हो, तब तक किसी भी तरह की दरें नहीं बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा मेरा वार्ड 20 है जो दिल्ली के निकट है। इसके हालात ऐसे हैं कि 500 किलोमीटर दूर जाकर यदि कोई गांव मिलता है, उससे भी ज्यादा हालत खराब है। सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है, पानी सड़क सीवर कोई सुविधा वार्ड में नहीं है। फिर जनता से टैक्स क्यों इसका खुलकर विरोध करेंगे और करते आए हैं।

## जनता पर अतिरिक्त भार नहीं बढ़ने दिया जायेगा : शिल्पा चौधरी



**करंट क्राइम।** वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा कि मेयर ने कहा टैक्स नहीं बढ़ना चाहिए तो नहीं बढ़ना चाहिए, जनता पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ने दिया जाएगा। सभी पार्षदों का मत है कि हाउस टैक्स नहीं बढ़े तो नहीं बढ़ना चाहिए। नगर निगम के अधिकारी जनता को लूटने के लिए हाउस टैक्स बढ़ा रहे हैं, जिसे पार्षद किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सभी इसका आने वाली बोर्ड बैठक में खुलकर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा जनता के हित में नहीं है टैक्स बढ़ोतरी, किस मापदंड के अनुसार बढ़ाया जा रहा है हाउस टैक्स। जब शहर की जनता सड़क पर उतर कर विरोध करेगी निगम के अधिकारियों को समझ में आ जाएगा।

# शहर विधानसभा में आज मनेगा भगवा कमांडर के बर्थडे का जश्न

## देखना ये है कौन-कौन मिलकर देगा बधाई, माना जा रहा है इसको शक्ति प्रदर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उप चुनाव के बादल छाये हुए हैं और ऐसे में जन्मदिन की बधाईयों की वर्षा का सीन शहर विधानसभा में रहेगा। आज भगवा कमांडर के नाम से प्रसिद्ध भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का जन्मदिन है। आज उन्हें जन्मदिन की बधाईयां देने के लिये कार्यकर्ता पहुंचेंगे। खास बात ये है कि जो जन्मदिन पहले साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में मनाया जाता था अब उस जन्मदिन का केक शहर विधानसभा में कट रहा है। सियासत वाले समझ रहे हैं कि ये सब क्या घट रहा है।




आज अग्रसेन भवन के सामने बने सामुदायिक भवन के बैंकवट हॉल में जन्मदिन का कार्यक्रम रहेगा। जन्मदिन समारोह का समय दोपहर 12 से 3 रखा गया है। आज यहां कार्यकताओं का एक बड़ा मेला देखने को मिलेगा। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की टीआरपी ऐसी मानी जाती है कि उन्हें जन्मदिन की बधाई देने विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग पहुंचेंगे।

### एक साल पहले बर्थडे का हाल दूसरा था ये साल दूसरा है वो साल दूसरा था

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आज जब भगवा कमांडर संजीव शर्मा जन्मदिन का केक काटेंगे तो इस बात पर सभी की नजर रहेगी कि कौन-कौन उन्हें जन्मदिन की बधाई देने आया है। यहां ये भी देखा जायेगा कि शहर विधानसभा के कितने भगवा दावेदार दस्तक देते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि अगले दिन ही एक तारीख आ रही है और ये तारीख कुछ याद दिला रही है। दरअसल एक साल पहले भी संजीव शर्मा का जन्मदिन आया था लेकिन उस जन्मदिन पर हाल दूसरा था। उस समय अध्यक्ष पद की दौड़ चल रही थी और इस दौड़ में कई नाम थे। कुछ ये मान बैठे थे कि गेम फिनिश हो गया और कुछ अपनी बधाई को केलकुलेट कर रहे थे। उन्हें ये लग रहा था कि अगर आज हमने भगवा कमांडर को बधाई दी और कल अध्यक्ष पद पर किसी और का नाम आ गया तो फिर वहां बधाई देने जाने में दिक्कत होगी। तो कुछ ने जन्मदिन वाले केक से दूरी बना ली। कुछ की मजबूरी हो गई। कुछ आए ही नहीं। आज साल दूसरा है और कहने वाले यही कह रहे हैं कि अब हाल भी दूसरा और साल भी दूसरा है।

### आज है जन्मदिन की बधाई और कल दीजिए कार्यकाल के वर्ष की बधाई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आज कार्यकताओं में भगवा कमांडर के नाम से मशहूर संजीव शर्मा का जन्मदिन है। आज उन्हें जन्मदिन की बधाई मिल रही है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उन्हें जन्मदिन पर अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब दिया था। इस वर्ष वो जन्मदिन पर क्या अवॉर्ड देते हैं ये देखने की बात है। सबसे बड़ी बात ये है कि जो आज जन्मदिन की बधाई देंगे वो चाहे तो एडवांस में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने की बधाई दे सकते हैं और चाहे तो एक वर्ष वाली बधाई हर्ष के साथ 15 सितंबर को भी दे सकते है और 14 सितंकर को जन्मदिन है और हैप्पी बर्थडे कहने वालों को याद होगा कि जन्मदिन के अगले दिन पिछले वर्ष संजीव शर्मा की दोबारा से महानगर अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हो गई थी और उन्हें दोबारा से भाजपा का महानगर अध्यक्ष बनाया गया था। दूसरी पारी के कार्यकाल का रविवार को एक वर्ष पूरा हो रहा है।

# यूरिन मिलाकर लोगों को पिलाया जूस

## पब्लिक ने दुकानदार को जमकर पीटा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में शुक्रवार की शाम लोगों ने जूस दुकानदार को जमकर पीटा। आरोप है- दुकानदार जूस में यूरिन मिलाकर लोगों को पिला रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दुकानदार को छुड़ाया। पुलिस को दुकान के अंदर से प्लास्टिक की कैन में करीब एक लीटर यूरिन मिली है। पुलिस ने दुकानदार आमिर और उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है।




**लोगों ने जूस में यूरिन मिलाते रंगे हाथ पकड़ा :** मामला लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में इंदिरापुरी पुलिस चौकी के नजदीक का है। यहां 'खुशी जूस एंड शेक' नाम से दुकान है। शुक्रवार शाम कुछ लोग जूस पीने पहुंचे थे। आरोप है कि दुकानदार आमिर ने जूस बनाया और चुपके से उसमें यूरिन मिला रहा था। तभी लोगों की नजर पड़ गई। कस्टमर ने आमिर को पीटना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ने पर मौके पर भीड़ जुट गई। भीड़ ने आमिर और उसके एक साथी को पकड़ लिया और पीटना शुरू कर दिया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी।

**लोनी बॉर्डर थाने में मुकदमा दर्ज :** एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया-जनता के द्वारा सूचना दी गई कि एक जूस दुकान के संचालकों द्वारा जूस में मानव मूत्र मिलाया जाता है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छानबीन की। दुकान से एक कैन से करीब एक लीटर मानव मूत्र बरामद हुआ है। दुकानदारों से पूछा गया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। दुकान संचालक आमिर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 'जिस जनप्रतिनिधि के दरवाजे पर गरीब इंसाफ की आस में पहुंचता है, समझो उसकी विश्वसनीयता कायम है' : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगर आप राजनीति में हैं, सत्ता में भी हैं और जनप्रतिनिधि भी हैं तो आपकी आम जन में कितनी विश्वनीयता है, इसका एक मानक है। अगर कोई रिक्शा वाला, टैंपू वाला, खोखा पटरी वाला, झुग्गी-झोंपड़ी वाला, ठेली-पटरी वाला पिटता है, चाहे उसे पुलिस मारे या नगर निगम वाले सताएं, या कोई बाहुबली भूमाफिया सताए या लाटरी चलाने वाले सताएं और वह भागकर आपके पास आता है तो समझ लो कि आपकी आम जन में विश्वनीयता बनी हुई है और आम लोगों में भरोसा बना हुआ है कि अगर कोई संकट आयेगा तो एक दरवाजा ऐसा है जिसे संकट के समय खटखटा सकते हैं। उन्हें भरोसा है कि मदद मिलेगी। आम आदमी का ये भरोसा ही जीत की असली कुंजी है। ये मेरे निजी राजनीतिक जीवन का अनुभव है।



**अगर कोई रिक्शा वाला, टैंपू वाला, खोखा पटरी वाला, झुग्गी-झोंपड़ी वाला, ठेली-पटरी वाला पिटता है, चाहे उसे पुलिस मारे या नगर निगम वाले सताएं, या कोई बाहुबली भूमाफिया सताए या लाटरी चलाने वाले सताएं और वह भागकर आपके पास आता है तो समझ लो कि आपकी आम जन में विश्वनीयता बनी हुई है और आम लोगों में भरोसा बना हुआ है कि अगर कोई संकट आयेगा तो एक दरवाजा ऐसा है जिसे संकट के समय खटखटा सकते हैं। उन्हें भरोसा है कि मदद मिलेगी। आम आदमी का ये भरोसा ही जीत की असली कुंजी है।**

**कई बार नगर निगम के जन प्रतिनिधि अपने आप को भगवान का छोटा भाई समझ लेते हैं। भाजपा में ये संकट सबसे बड़ा है। क्षेत्र के फीड बैक लेने का विश्वसनीय मध्यम नहीं बनाया गया है। अधिकारियों के माध्यम से फीड बैक फीलगुड का ही एहसास कराता रहता है। सच का अहसास नहीं हो पाता है।**

**मुझे ये जानकर प्रसन्नता हुई कि ई-रिक्शा को कुछ मार्गों पर बन्द करने का संगठन ने नोटिस लिया और उसका कुछ परिणाम भी निकला। वैसे इस संबंध में एक व्यापक ई-रिक्शा को संचालन के लिए एक पूरा रोड मैप बनना चाहिए जिसमें सभी पक्षों की समस्याओं का एकमुश्त समाधान निकालना ज्यादा आवश्यक है।**

हां अगर आप मंत्री हो जाते हैं तो आपकी क्षेत्र में उपलब्धता कम हो जाती है और अनुपलब्धता ही विश्वास को तोड़ने वाली बन जाती है। जब आपके प्रतिनिधियों में भी उस आम आदमी के प्रति संवेदनशीलता कम हो जाती है तो भी आम जन में विश्वनीयता का संकट खड़ा होता है।

इस स्थिति का एक अपवाद भी है और वह है, जब आपकी जीत जातीयता के आधार पर आधारित हो तब आम जन की उपेक्षा भी चल जाती है। जो जातियों के आधार पर चुनाव जीतते हैं उनका इतने सब छोटे लोगों की चिंता किए बिना भी काम चल जाता है।

एक जनप्रतिनिधि के पास ऐसा माध्यम होना चाहिए कि उसे ज्ञात होता रहे कि पुलिस व्यवस्था की आम जन में क्या प्रतिक्रिया है? नगर निगम के सफाई, टैक्स वसूली, सीवर सफाई जैसे कार्यों पर कैसा संतोष या असंतोष है? स्वास्थ्य चिकित्सा, तहसील तथा टैक्स विभाग की कार्यप्रणाली की कैसी छवि है? साथ ही उस पर समय समय पर प्रतिक्रिया भी देना आवश्यक है। अपने आपको राजा समझना या दूसरे विभागों का नोटिस ही न लेना महंगा पड़ सकता है। कई बार नगर निगम के जन प्रतिनिधि अपने आप को भगवान का छोटा भाई समझ लेते हैं। भाजपा में ये संकट सबसे बड़ा है। क्षेत्र के फीड बैक लेने का विश्वसनीय मध्यम नहीं बनाया गया है। अधिकारियों के माध्यम से फीड बैक फीलगुड का ही एहसास कराता रहता है। सच का अहसास नहीं हो पाता है। सच अधिकारी को सूट नहीं करता। अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन जनता को तो कोई संदेश दे नहीं पाते उल्टे सरकार को ही गफलत में डाल देते हैं।

मुझे ये जानकर प्रसन्नता हुई कि ई-रिक्शा को कुछ मार्गों पर बन्द करने का संगठन ने नोटिस लिया और उसका कुछ परिणाम भी निकला। वैसे इस संबंध में एक व्यापक ई-रिक्शा को संचालन के लिए एक पूरा रोड मैप बनना चाहिए जिसमें सभी पक्षों की समस्याओं का एकमुश्त समाधान निकालना ज्यादा आवश्यक है।

## संपादकीय

# सरकार ने ली बुजुर्गों की सुध

देश की आबादी में एक खासा हिस्सा उन लोगों का है, जो अपनी उम्र के साठ वर्ष पूरे कर चुके हैं। सामान्य जीवन और प्राकृतिक संरचना के मुताबिक भी इस उम्र में व्यक्ति का शरीर आमतौर पर कमजोर होता जाता है और कई बार बीमारियों से भी घिर जाता है। ऐसे मामले अक्सर देखे जाते रहे हैं, जिसमें किसी बुजुर्ग सदस्य को बीमारी में उचित इलाज सिर्फ इसलिए नहीं मिल पाता कि उनके पास चिकित्सक से परामर्श लेने और उपचार के लिए जरूरी खर्च का पैसा नहीं होता।

ऐसे में या तो उन्हें आसपास से ऋण लेकर अपना उपचार कराना पड़ता है या फिर उचित इलाज के बिना उनकी सेहत और खराब होती चली जाती है। इस लिहाज से देखें तो केंद्र सरकार ने जिस तरह आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए सत्तर वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को भी पांच लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने को मंजूरी है, वह एक दूरगामी महत्त्व का फैसला है। सरकार के इस फैसले के धरातल पर उतरने के बाद देश के छह करोड़ से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिल सकेगा।

यह छिपा नहीं है कि हमारे यहां बुजुर्गों की आबादी के सामने अपने जीवन और स्वास्थ्य को लेकर कैसी चुनौतियां रही हैं। यह भी जगजाहिर है कि उम्र बढ़ने के साथ और खासतौर साठ वर्ष या इससे ज्यादा की आयु में पहुंचने के बाद ज्यादातर बुजुर्ग स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की चुनौतियों से जूझते रहते हैं। मगर उनके जीवन का यही वह दौर है, जिसमें उनकी नियमित आय का जरिया अमूमन बंद हो चुका होता है। खासतौर पर जिन लोगों के पास संगठित क्षेत्र में काम करने की सुविधा नहीं रही होती है, उसमें भी संतोषजनक राशि की पेंशन नहीं होती है।

बीमार बुजुर्ग के साथ नहीं होता अच्छा व्यवहार इसलिए आमतौर पर अपने न्यूनतम जरूरतों के खर्च के लिए भी वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर होते हैं। ऐसे मामले छिपे नहीं हैं, जिनमें बीमार होने की स्थिति में किसी बुजुर्ग के साथ उनके परिजन अच्छा व्यवहार नहीं करते या कई बार उन्हें बोझ मानने लगते हैं और उनकी उपेक्षा करते हैं। ऐसे में इस बात की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी कि देश की बुजुर्ग आबादी की सेहत पर ध्यान देने के लिए सरकार अपनी ओर से कोई ठोस पहल करे। कुछ समय पहले आए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि शहरी इलाकों में रहने वाले लगभग पचास फीसद बुजुर्ग आर्थिक मुश्किलों और अन्य तरह की चुनौतियों की वजह से जरूरत के वक्त चिकित्सकों के पास नहीं जा पाते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा व्यापक है, जहां बासठ फीसद बुजुर्गों के सामने आर्थिक और अन्य बाधाएं खड़ी होती हैं, जिनकी वजह से उन्हें बीमारी की स्थिति में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर मामलों में यह एक दुखद सामाजिक हकीकत है कि कई बार पारिवारिक उपेक्षा के शिकार बुजुर्गों को सरकार की ओर से भी सामाजिक सुरक्षा के रूप में कोई विशेष सुविधा नहीं मिल पाती है।

# 'दुनिया में कर्ज का बढ़ना चिंता की बात', इससे निपटने के लिए साझा प्रयास हों : आरबीआई गवर्नर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर में शुक्रवार को 'फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024' में बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर दास ने कहा कि कर्ज का यह अभूतपूर्व स्तर विशेष रूप से उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) और निम्न से मध्यम आय वाले देशों के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है। ऐसे देश वित्तीय अस्थिरता के प्रति तेजी से कमजोर होते जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दुनिया को बढ़ते वैश्विक कर्ज के बारे में आगाह किया है, जो 2024 में वैश्विक जीडीपी के 333 प्रतिशत के बराबर, 315 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ गया है। सिंगापुर में शुक्रवार को 'फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024' में बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर दास ने कहा कि कर्ज का यह अभूतपूर्व स्तर विशेष रूप से उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) और निम्न से मध्यम आय वाले देशों के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है। ऐसे देश वित्तीय अस्थिरता के प्रति तेजी से कमजोर होते जा रहे हैं। दास ने कहा, निम्न आय और कुछ मध्यम



आय वाले देश बहुत कमजोर हैं। उच्च स्तर के कर्ज और उच्च ब्याज दरों का सह-अस्तित्व सरकारी और निजी क्षेत्र की बैलेंस शीट की हानि के माध्यम से वित्तीय अस्थिरता के दुष्चक्र को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजकोषीय परिदृश्य बढ़ते राजकोषीय घाटे से और जटिल हो गया है, जो अब महामारी से पहले के स्तर से अधिक है। दास ने कहा कि 2024 में 88 अर्थव्यवस्थाएं चुनावी चक्र में प्रवेश कर रही हैं, ऐसे में राजकोषीय समेकन की गुंजाइश सीमित प्रतीत होती है। इससे विभिन्न देशों के लिए वित्तीय जोखिमों को बढ़ने से बचाने के लिए अपने ऋण का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना महत्वपूर्ण हो जाता है। आरबीआई गवर्नर ने यह भी बताया कि चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों ने निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है, जिससे सीमा पार व्यापार प्रतिबंध बढ़ गए हैं।

आरबीआई गवर्नर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रही चुनौतियों के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने साझा वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों (टउइ) को मजबूत करने की वकालत की। उन्होंने सतत आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया। आरबीआई गवर्नर दास ने राष्ट्रों से सभी के लिए एकीकृत भविष्य की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

## शॉर्ट सेलर फर्म के नए आरोप तर्कहीन, बेतुके और आधारहीन हैं : अदाणी ग्रुप

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप ने शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग के नए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा गया कि ये तर्कहीन, बेतुके और आधारहीन हैं। अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म द्वारा कहा गया था कि स्विट्जरलैंड प्रशासन द्वारा अदाणी ग्रुप के फंड्स को फ्रीज कर दिया गया है। इन आरोपों को खारिज करते हुए अदाणी ग्रुप के प्रवक्ता ने कहा, ये बिल्कुल बेतुके और आधारहीन हैं। अदाणी ग्रुप की स्विट्जरलैंड की किसी




कोर्ट कार्यवाही में भाग नहीं लिया है और हमारा कोई भी खाता किसी भी प्रशासनिक संस्था द्वारा जब्त नहीं किया गया है। प्रवक्ता ने आगे कहा, आरोपों में जिस आदेश की बात की जा रही है। उसमें कही भी अदाणी ग्रुप की कंपनियों का नाम नहीं है और किसी भी एजेंसी से हमें स्पष्टीकरण देने के लिए कोई पत्र नहीं प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी ओवरसीज होल्डिंग पूरी पारदर्शी है और कंपनी सभी जरूरी कानूनों का पालन करती है। शॉर्टसेलर फर्म द्वारा लगाए गए सभी आरोप आधारहीन, बेतुके और तर्कहीन हैं। प्रवक्ता ने कहा, हमें यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि यह हमारे ग्रुप की प्रतिष्ठा और बाजार मूल्य को अपरिवर्तनीय क्षति पहुंचाने के लिए एक ही समूह द्वारा एकजुट होकर किया गया एक और सुनियोजित और घृणित प्रयास है। अदाणी ग्रुप की ओर से कहा गया कि समूह हमेशा से ही सभी कानूनों और रेगुलेटरी नियमों का पालन के लिए प्रतिबद्ध है।

# ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में भारत को मिला टियर 1 देशों में स्थान

**नई दिल्ली।** भारत को ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स (जीसीआई) में टियर 1 देशों में जगह मिली है। इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) द्वारा इसे जारी किया जाता है। 'जीसीआई 2024' ने इस बार पांच टियर एनालिसिस का उपयोग की है। इसमें विभिन्न देशों द्वारा साइबर सिक्योरिटी में की गई प्रगति को ट्रैक किया जाता है। इस रिपोर्ट में सबसे उच्च श्रेणी टियर 1 में 46 देशों को जगह दी गई है। इन देशों को रोल मॉडलिंग नाम दिया गया है, जिन्होंने साइबर सुरक्षा के सभी अहम पहलुओं पर मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है। ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में बताया गया कि भारत ने कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन जैसे उपायों में अच्छा प्रदर्शन किया है। संस्थागत उपाय में और विकास की संभावना है।


आईटीयू के टेलीकॉम डेवलपमेंट ब्यूरो को डायरेक्टर कॉसमस लकीसन जवाजावा ने कहा कि ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में शामिल देशों ने साइबर सुरक्षा के जरूरी एरिया जैसे कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन फ्रेमवर्क में काफी अच्छा काम किया है। इससे हादसों का रिस्पॉन्स देने की क्षमता में विस्तार हुआ है। जवाजावा ने आगे कहा कि आईटीयू के साइबर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट्स और प्रोग्राम देशों की साइबर खतरों को मैनेज करने में मदद कर रहे हैं। रिपोर्ट में बड़े खतरों के बारे में भी बताया गया है, जिसमें सरकारी सेवाओं और



अन्य सेक्टर को टारगेट करने वाले रैनसमवेयर अटैक, कोर इंडस्ट्रीज को प्रभावित करने वाले साइबर हमले, लोगों की निजता पर होने वाले साइबर हमले आदि शामिल हैं। आईटीयू जनरल सेक्रेटरी डोरेन बोगडान-मार्टिन ने कहा कि आज के डिजिटल वर्ल्ड में विश्वास बनाना सबसे अहम है। ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स में हुई बढ़त दिखाती है कि हमें लगातार साइबर हमलों का कुशल तरीके से प्रबंधन करने पर ध्यान देना चाहिए।

# 96 प्रतिशत भारतीय मिड-मार्केट फर्म जनरेटिव एआई को दे रही प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** मिड-मार्केट सेगमेंट की करीब 96 प्रतिशत भारतीय कंपनियां (250 से 1,500 कर्मचारी) जनरेटिव एआई को प्राथमिकता दे रही हैं, जबकि बाकी दुनिया में यह आंकड़ा 91 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी सामने आई। 2024 में भारतीय मिड-मार्केट कंपनियों द्वारा जनरेटिव एआई को अपनाने की वजह संस्था को साइबर खतरों के खिलाफ तैयार होना और बिजनेस के संचालन को अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाना है। एसएपी इंडिया की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में संस्थाएं अपने बिजनेस में बदलाव लाने के लिए दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले अधिक प्राथमिकता दे रही हैं। भारत उपमहाद्वीप में एसएपी के मैनेजिंग डायरेक्टर और अध्यक्ष मनीष प्रसाद ने कहा कि भारत का मिड मार्केट बिजनेस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने आगे कहा, एआई इन कंपनियों के लिए गेम-चेंजर होने वाला है। इससे इन कंपनियों को काम करने के लिए इनसाइट्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ने में मदद करेगा। सर्वे में भाग लेने वाली मिड-मार्केट कंपनियों में 67 प्रतिशत ने एआई को प्राथमिकता देने की वजह साइबर हमले, 65 प्रतिशत ने ऑपरेशन को पर्यावरण टिकाऊ योग्य बनाना, 55 प्रतिशत ने प्राइवेसी और सिक्योरिटी, 52 प्रतिशत ने निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना माना है। एसएपी भारतीय उपमहाद्वीप के मिड मार्केट प्रमुख और उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने कहा कि एआई के पास किसी संस्था को इंटेलिजेंस इनसाइट्स, ऑटोमेशन देने की क्षमता है, जिससे वह वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि डेटा एआई में सबसे बड़ा रिस्क है, क्योंकि एआई के नतीजों में पारदर्शिता नहीं है। ऐसे में एआई से मिली गलत जानकारी पर काम करना संस्थाओं के लिए अन्य बड़े रिस्क में से एक है।




## राशिफल

**मेष:** मन विचलित रहेगा। पार्टनर के साथ किसी खास जगह घूमने जा सकते हैं। लव लाइफ में पार्टनर का पूरा सहयोग मिलेगा। नए दोस्तों से नजदीकियां बढ़ सकती हैं।

**वृष:** आए दिन हो रहे शोर-शराबे से आप परेशान रहेंगे। जीवनसाथी के घमंडी या अशिष्ट व्यवहार से मन दुखी रह सकता है। लव पार्टनर के साथ शाम रंगीन रहेगी।

**मिथुन:** प्रेमी से प्रभावित होंगे। किसी वजह से पहले प्रेमी से अलग हुए हैं तो संपर्क करें। बिछड़े प्रेमी से कोई ऐसी खबर मिल सकती है जो दिल को खुश करने वाली होगी।

**कर्क:** आप जो भी फैसला लें, सोच-समझकर लें। आप विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित होंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता आएगी। वाहन आदि पर खर्च कर सकते हैं।

**सिंह:** प्रेम संबंध में परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ मूवी या डिनर प्लान कर सकते हैं। रिश्ते को ठीक करने में मुश्किलें आ सकती हैं।

**कन्या:** शादियां हो रही हैं। किसी पुराने मित्र से विवाह तय हो सकता है। प्रेमी के साथ रोमांस के कई मौके मिलेंगे। साथ घूमने का प्लान बन सकता है।

**तुला:** प्रेम जीवन में गंभीर संबंध बनाने के लिए आपको बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। प्रेमी पर संदेह हो सकता है, अपना नजरिया बदलें।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलेगा। मां के सहयोग से रिश्ता तय किया जा सकता है। रोमांटिक मूड विपरीत लिंग के लोगों को आकर्षित कर सकता है।

**धनु:** प्रेम संबंधों और प्रेम जीवन में स्थिरता आएगी। प्रेम में आत्मीयता बढ़ेगी। दिल रोमांटिक रहेगा। अपनी जिद को अपनी लव लाइफ पर हावी न होने दें।

**मकर:** प्रेम संबंधों को लेकर परिवार के सदस्य विरोध कर सकते हैं। नौकरी, आमदनी, आजीविका आज जीवन का मुख्य लक्ष्य रहेगा। रोमांटिक शाम का प्लान करेंगे।

**कुंभ:** प्रेमी से अनबन प्रेम के धागे को कमजोर कर सकती है। कोशिश करें कि प्रेम संबंधों में तनाव न बढ़े और कूल रहें। शादीशुदा जोड़ा बच्चों के लिए प्लान बना सकता है।

**मीन:** रिलेशनशिप को लेकर एक्साइटेड हैं। जीवनसाथी को नौकरी मिल सकती है। शादीशुदा जोड़े के जीवन में रोमांस कम रहेगा। रिश्ते में ताजगी लाएं।

## चुटकुले

ग्राहक – रसगुल्ले की दुकान तो तेरे पापा की ही है, तेरा खाने का मन नहीं करता?
पप्पू – बहुत मन करता है अंकल... लेकिन पापा गिन कर रखते हैं इसलिए बस चूस के वापिस रख देता हूं।

---

कसम से एक साथ सारे कांड
याद आ जाते हैं...
जब घरवाले कहते हैं –
बैठो तुमसे कुछ बात करनी है.

---

प्रश्न – दुनिया का सबसे बड़ा त्यौहार कौन सा है?
उत्तर – घरवाली
प्रश्न – कैसे?
उत्तर – हफ्ते में 3-4 बार मनाना ही पड़ता है।

---

पति आज बाहर खाना खाएंगे।
पत्नी (खुश होकर) – ठीक है, मैं दो मिनट में तैयार होकर आती हूं।
पति – ठीक है मैं बाहर चटाई बिछाता हूं तब तक...
फिर क्या, पति की हुई जोरदार कुटाई..

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है। बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।

## करंट क्राइम

14 09 2024

# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



आयुषमान खुराना
अभिनेता



संजीव शर्मा
(भाजपा महानगर अध्यक्ष)



तेजल अग्रवाल, दीपा सदारंगानी, नीलम शर्मा, शालू, हिमांशु शर्मा, (पत्रकार), अभिमन्यु वत्स, अभिषेक मुद्गल



रविन्द्र चौहान, इस्माइल हाशमी, दीप सागर वासुदेव, जॉनी गुर्जर, राहुल त्यागी, राजेन्द्र भाटी, दीप सागर, राजेन्द्र वर्मा प्रधान, प्रिंस तुगाना



अमित बंटी, नीरज वत्स, अतुल पर्वत, जयप्रकाश, आदित्य सिंह, विकास कुमार, मनीष त्यागी, सोनू भाटी, सौरभ मित्तल, जेपी ठाकुर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'आप जीत-हार से नहीं डरते, कोई बोझ नहीं है और ये आपका सबसे बड़ा गुण', पैरा एथलीट्स से बोले प्रधानमंत्री मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पैरालंपिक में इतिहास रचने वाले एथलीट्स से मुलाकात की। भारतीय पैरा एथलीटों ने पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड 29 पदक जीते थे, जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य शामिल हैं। भारतीय दल मंगलवार को लौटा और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नई दिल्ली में अपने आवास पर अभिनंदन किया। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से पैरालंपिक में उनके अनुभव साझा करने को कहा। साथ ही पीएम ने खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया।

पुरूषों की चक्काफेंक एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले योगेश कथुनिया ने कहा, 'प्रदर्शन में निरंतरता आपकी वजह से आई है। आपके द्वारा शुरू की गई योजनाओं की वजह से यह संभव हुआ। हर किसी के लिये पीएम का मतलब प्रधानमंत्री, लेकिन हमारे लिए आप परम मित्र हैं।' इस पर प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं इस पर गर्व महसूस करता हूं। मैं भी आप सभी के साथ मित्र की तरह काम करना चाहता हूं।'

लगातार दूसरे पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कहा कि टोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद प्रधानमंत्री मोदी से किया वादा निभाकर उन्हें अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, 'यह मेरा लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। तब मैं टोक्यो से स्वर्ण जीतकर आया तो आपने मुझसे वादा लिया था कि ऐसे दो स्वर्ण और चाहिए। तो सर यह दूसरा स्वर्ण आपके लिए है। मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन 20 अगस्त को आपसे बात करने के बाद मुझे प्रेरणा मिली। मैं अपनी टीम की ओर से आपको धन्यवाद देता हूं क्योंकि हमें लगा कि पदक के साथ लौटेंगे तो आपसे मिल सकेंगे, आपसे बात कर सकेंगे।'

पैरा जूडो में भारत को पहली बार कांस्य पदक दिलाने वाले कपिल परमार ने कहा, 'मैंने 2021 से अब तक 16 प्रतिस्पधाएं खेली और कई पदक जीते। मेरा डर निकल गया था। कोचों को भी धन्यवाद दूंगा क्योंकि दृष्टिबाधित को संभालना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। उनके हाथ पकड़कर ही मुकाम तक पहुंचते हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने पैरा एथलीटों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों का दिव्यांगों के प्रति नजरिया बदला है।

उन्होंने कहा, 'ईश्वर ने आपको अतिरिक्त क्षमता दी है भले ही आपको कुछ शारीरिक परेशानी हो। आप जीत या हार से नहीं डरते। आप पर कोई बोझ नहीं है और यही आपका सबसे बड़ा गुण है। आपके जरिए मैं देश में सांस्कृतिक बदलाव देख रहा हूं। मैं लोगों के आपको देखने का नजरिया बदलना चाहता हूं। नजरिया बदल रहा है। आपके योगदान से समाज में बड़ा बदलाव आ रहा है। आपने सभी दिव्यांगों में यह भरोसा पैदा किया है कि वे किसी से कम नहीं है। पदक मायने नहीं रखता। आपको बहुत बधाई।'

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कोचों और सहयोगी स्टाफ की भी तारीफ करते हुए कहा, 'हर खेल में सहयोगी स्टाफ का काफी महत्व है जिन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है। पैरा एथलीटों के साथ तो खास तौर पर। इसके लिए समर्पण चाहिए। पैरा एथलीटों के कोचों के पास असाधारण कौशल है क्योंकि आप सामान्य खिलाड़ियों को तो तकनीक सिखा सकते हैं, लेकिन पैरा एथलीटों को जीवन का तरीका सिखाते हैं।'

पुरुषों की भालाफेंक एफ41 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नवदीप सिंह की प्रधानमंत्री ने खास तौर पर तारीफ की। छोटे कद के नवदीप ने भाला फेंकने वाले अपने बाजू पर प्रधानमंत्री का आटोग्राफ भी लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री को कैप पहनानी चाही तो प्रधानमंत्री मोदी नीचे बैठ गए और कहा कि 'दिखाई दे कि तुम मुझसे बड़े हो।' मोदी को भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने आटोग्राफ वाली टीशर्ट भी दी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज मुझे शीतल का आटोग्राफ मिल गया है।'

## तनीषा-कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली।** भारत की तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। ध्रुव और तनीषा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। क्रास्टो और कपिला को लय में आने में समय लगा। शुरूआती गेम में सतीश और आद्या हावी रहे। इसके बाद क्रास्टो और कपिला ने अच्छा खेल दिखाया और दूसरे गेम में आसानी से जीत दर्ज की। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन क्रास्टो और कपिला ने एक बार बढ़त हासिल करने के बाद उसे बनाए रखा और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, थारुन मन्नेपल्ली का शानदार अभियान हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के शोगो ओगावा से 13-21, 13-21 से हार गए।

## इंडिया ए की इंडिया डी पर 222 रन की बढ़त: दूसरे दिन स्टंप्स तक इंडिया बी का स्कोर 124/0, ईश्वरन-जगदीशन की फिफ्टी



**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2024 दूसरे राउंड के दूसरे दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक इंडिया ए ने दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 115 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर टीम की बढ़त 222 रन हो गई। ओपनर प्रथम सिंह 59 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान मयंक अग्रवाल को 56 रन के स्कोर पर श्रेयस अय्यर ने आउट किया।

इससे पहले आज ही के दिन इंडिया ए ने इंडिया डी को 183 रन पर ऑलआउट कर दिया। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 92 रन देवदत्त पडिक्कल ने बनाए। इंडिया ए की तरफ से खलील अहमद और आकिब खान ने 3-3 विकेट लिए।

एक अन्य मुकाबले में इंडिया बी ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी विकेट के 124 रन बना लिए हैं। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 51 और नारायण जगदीशन 67 रन बनाकर नाबाद हैं।

इंडिया सी ने पहली पारी में 525 रन पर बनाए। टीम की ओर से भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने शतक लगाया। उन्होंने 126 बॉल पर 111 रन की पारी खेली। उनके अलावा मानव सुथार ने 82, बाबा इंद्रजीत ने 78 और ऋतुराज गायकवाड ने 58 रन की पारी खेली। दोनों मुकाबले अनंतपुर में खेले जा रहे हैं। इंडिया बी और इंडिया डी की टीमों ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। अग्रवाल और प्रथम की शतकीय साझेदारी दूसरी पारी में इंडिया ए ने शानदार शुरूआत की। दोनों ओपनर्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाए। मयंक ने 8 चौके की मदद से 56 और प्रथम ने 6 चौकों की मदद से 59 रन बनाए। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े। स्टंप्स होने से ठीक पहले इंडिया डी के कप्तान श्रेयस बॉलिंग करने आए और उन्होंने पानी पहली बॉल पर मयंक अग्रवाल को कॉट एंड बोल्ड आउट किया।

इंडिया बी की शानदार शुरूआत इंडिया बी की तरफ से दोनों ओपनर्स ने अच्छी शुरूआत दी। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 51 और विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन 67 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे है। दोनों ने मिलकर शतकीय साझेदारी करते हुए 124 रन जोड़े। अभी भी वे इंडिया सी के स्कोर से 401 रन पीछे है।

श्रेयस अय्यर शून्य, संजू 5 रन पर पवेलियन लौटे भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और इंडिया डी के कप्तान श्रेयस को खलील अहमद ने 0 के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वे हेलमेट के अंदर चश्मा लगाकर खेलने उतरे थे। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज संजू 5 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें आकिब खान ने आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए देवदत्त पडिक्कल ने शानदार 92 रन की पारी खेली। उनके अलावा हर्षित राणा ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 29 बॉल पर 31 रन बनाए। इंडिया ए की तरफ से खलील अहमद और आकिब खान ने 3-3 विकेट लिए।

## 'आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थी', भारतीय महिला एथलीट हरमिलन बैंस ने किया बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला एथलीट हरमिलन बैंस ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। मध्यम दूरी की धाविका हरमिलन हाल ही में संपन्न हुए पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले सकी थी जिसका उन्हें काफी अफसोस था। एशियाई खेलों में दो बार पदक जीत चुकीं हरमिलन अब मॉडलिंग जैसे दूसरे करियर विकल्प की तलाश कर रही हैं।

हरमिलन पिछले साल चीन में हुए एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम की स्टार खिलाड़ियों में से एक थीं जब उन्होंने 800 मीटर और 1500 मीटर में दो पदक जीते थे। हालांकि इस पूरे सत्र में वह चोटों से परेशान रहीं जिससे पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं। इस समय उन्हें हैमस्ट्रिंग टियर है और उन्होंने स्वीकार किया कि उनका एथलेटिक्स करियर अनिश्चित है। वह सर्जरी करवा सकती हैं और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। इस साल की शुरूआत में उन्हें टखने की चोट लगी थी जिसे ठीक होने में पांच हफ्ते लगे थे। जून में उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव हुआ जो बाद में एक टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के बाद बढ़ गया।

हरमिलन ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेना चाहती थी और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। लेकिन लगातार चोटें लगीं और इससे मेरा प्रदर्शन प्रभावित हुआ। पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले पाने के बाद मैं अवसाद में थी, मैं कुछ भी नहीं सोच पा रही थी। यहां तक कि आत्महत्या करने का विचार भी मेरे दिमाग में आया और मैं खेल छोड़ना चाहती थी।

हरमिलन ने कहा, मैं इतनी हताश थी कि मैं अंक अर्जित करना चाहती थी और ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना चाहती थी। इस कारण मैंने चोट के साथ एक रेस में भाग लिया। यह शुरू में ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग टियर था लेकिन अब यह ग्रेड 2बी है, मतलब यह करीब ग्रेड 3 है। मैं एक और स्कैन करवाऊंगी और फिर सर्जरी के बारे में फैसला करूंगी। किसी भी स्थिति में मैं अगले नौ महीनों तक प्रतियोगिता के लिए शुरूआत नहीं कर पाऊंगी। इसलिए मैं लंबे समय तक प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं कर पाऊंगी।

## अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट बारिश के कारण बिना गेंद डले रद्द:भारतीय मैदानों पर ऐसा पहली बार; ओवरऑल 8वां मैच



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड एकमात्र टेस्ट बारिश के कारण रद्दकर दिया गया है। नोएडा में शुक्रवार सुबह से बारिश होती रही और मैदान पर पानी भर गया। मैच ऑफिशियल ने सुबह मैदान का निरीक्षण किया और मैच रद्द करने का फैसला किया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा- 'ग्रेटर नोएडा में अभी भी बारिश हो रही है। मैच अधिकारियों ने लगातार बारिश के कारण 5वें और अंतिम दिन का खेल भी रद्द कर दिया है।'

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार भारत में कोई टेस्ट मैच बिना गेंद डले रद्द हुआ है। यह ओवरऑल 8वां मुकाबला है।

ब्लैककैप्स के नाम से मशहूर न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस पोस्ट के जरिए टेस्ट रद्द होने की जानकारी दी। टीम शनिवार, 14 सितंबर को श्रीलंका रवाना होगी, वहां कीवियों को टेस्ट सीरीज खेलनी है।

## शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच होगी भिड़ंत, हरमनप्रीत की सेना चार मैचों में दर्ज कर चुकी जीत



**नई दिल्ली।** सेमीफाइनल में जगह बना चुकी भारतीय हॉकी टीम का शनिवार को पाकिस्तान से सामना होगा। एथियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बहु प्रतिक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में भारत अपना दबदबा कायम रखने के लिए उतरेगा। लगातार चार मैचों में जीत दर्ज कर चुकी भारतीय सेना अंक तालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है।

### भारत-पाकिस्तान हेड टु हेड

मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांगझोउ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर 4-0 से जीत दर्ज की थी। जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि 2021 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी ढाका में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

### लगातार चार मैचों में भारत ने दर्ज की जीत

पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1, मलयेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया। अब टीम की नजर पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले पर है। वहीं, पाकिस्तानी टीम ने मलयेशिया और कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2-1 और चीन को 5-1 से हराया है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए काफी उत्साहित हैं। मुकाबले से पहले कप्तान ने कहा- मैं अपने जूनियर दिनों से पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलता आया हूं। मेरा उनसे अच्छा संबंध है और वे भाई जैसे हैं। मैदान पर हालांकि किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जज्बात पर काबू रखना होता है। विश्व हॉकी में भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता का कोई मुकाबला नहीं है। मुझे यकीन है कि दुनिया भर में हॉकी प्रेमियों को इस मैच का इंतजार होगा। उन्होंने आगे कहा- इस मैच में पिछले परिणाम मायने नहीं रखेंगे। पाकिस्तान मजबूत टीम है और किसी भी समय मैच में वापसी का दम रखती है। वहीं, पाकिस्तान के कप्तान अम्माद बट ने कहा- भारत ने इस टूनार्मेंट में अब तक चैंपियन की तरह खेला है। हमने भी मैच दर मैच प्रदर्शन में सुधार किया है और अनुशासित हॉकी खेली है। हम इस प्रदर्शन को बरकरार रखेंगे।

## खेती का काम करते-करते बन गए दमदार ड्रेग फ्लिकर, हॉकी के 'सरपंच



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के सुनहरे सफर में 28 वर्षीय हरमनप्रीत सिंह धूमकेतु की तरह उभरकर राष्ट्रीय टीम के लिए कामयाबी का पर्याय बन गए हैं। कहा जाता है कि हर गेम को शोहरत का आसमां छूने के लिए एक लीजेंड की जरूरत होती है और वे भारतीय हॉकी के नए पोस्टरबॉय हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 की ब्रॉन्ज विजेता भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने गुरुवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में दक्षिण रिया के खिलाफ बड़ी उपलब्धि हासिल की। मैच में भारत की 3-1 की जीत में टीम के लिए दूसरा गोल दागकर उन्होंने अपने इंटरनेशनल गोलों की संख्या को 200 तक पहुंचाया। मैच में भारत का तीसरा गोल भी उन्हीं की स्टिक से आया। मौजूदा इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर्स में हरमन (201) इस समय सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ी हैं और दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जेंटीना के गोंजालो पेइलेट (178 गोल) से अच्छे खासे अंतर से आगे हैं।

## सोशल मीडिया पर रोनाल्डो के फॉलोअर्स की संख्या 100 करोड़ के पार, खुद साझा की जानकारी






**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम दुनिया के महानतम फुटबॉलर्स में शामिल है। पुर्तगाल और अल नस्र के लिए खेलने वाले इस दिग्गज फुटबॉलर ने सोशल मीडिया पर एक खास रिकॉर्ड बनाया है। वह सोशल मीडिया पर एक बिलियन यानी 100 करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा छूने वाले पहले व्यक्ति बन गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोनाल्डो की लोकप्रियता उनके नए लॉन्च किए गए इंस्टाग्राम चैनल की बदौलत और बढ़ गई है।

39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूट्यूब अकाउंट बनाया था और एक सप्ताह के अंदर उसके फॉलोअर्स की संख्या 50 मिलियन यानी पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। उन्होंने इस दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े। इंस्टाग्राम पर रोनाल्डो के 639 मिलियन यानी 63.9 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके 100 करोड़ फॉलोअर्स का सबसे बड़ा हिस्सा है। मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियल मैड्रिड के इस पूर्व खिलाड़ी के फेसबुक पर 170.5 मिलियन यानी 17 करोड़ और 'एक्स' पर 113 मिलियन यानी 11 करोड़ फॉलोअर्स हैं। चीनी प्लेटफॉर्म वीबो और कुआइशू पर भी उनके कुछ फॉलोअर्स मौजूद हैं।

पुर्तगाली फुटबॉल आइकन ने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा किया और बताया कि उन्होंने इंटरनेट पर एक बिलियन का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने लिखा, 'हमने इतिहास बनाया है। 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि उससे ज्यादा है। यह हमारे साझा जुनून और प्यार का हिस्सा है। मदीरा की सड़कों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े स्तर तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है। अब हम एक बिलियन के आंकड़े पर एक साथ खड़े हैं। आप हर कदम पर, सभी उतार-चढ़ावों में मेरे साथ रहे हैं। यह यात्रा हमारी यात्रा है और हमने दिखाया है कि हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है।'

> ''रोनाल्डो ने लिखा, 'मुझ पर विश्वास करने के लिए, आपके समर्थन के लिए और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद।''

रोनाल्डो ने लिखा, 'मुझ पर विश्वास करने के लिए, आपके समर्थन के लिए और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद। सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है और हम एक साथ जीतते रहेंगे, जीतेंगे और इतिहास बनाते रहेंगे।' इससे पहले बैलन डी'ओर के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए पुर्तगाल के इस स्टार फुटबॉलर ने क्रोएशिया के खिलाफ मैच में करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा था। 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा। गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंतस और मौजूदा क्लब अल नस्र के लिए किए हैं।

## चेन्नई टेस्ट से पहले टीम इंडिया ने की प्रैक्टिस

### लंदन से सीधे चेन्नई पहुंचे कोहली; 19 सितंबर से बांग्लादेश से मुकाबला



**चेन्नई।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया ने शुक्रवार को चेन्नई में जमकर पसीना बहाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) ने टीम की प्रैक्टिस की फोटोज ट्वीट की है। इसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम के बाकी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के साथ दिखाई दे रहे हैं। टीम इंडिया को यहां 19 सितंबर से पहला टेस्ट खेलना है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आज सुबह 4 बजे की फ्लाइट से लंदन से चेन्नई पहुंचे। उनका चेन्नई एयरपोर्ट से निकलते हुए वीडियो आया है, इसमें कोहली कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से निकलते दिखाई दे रहे हैं।

इससे पहले, गुरुवार रात कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और विकेटकीपर ऋषभ पंत को टीम बस पर चढ़ते देखा गया। जनवरी के बाद टेस्ट खेलेंगे कोहली विराट कोहली जनवरी 2024 के बाद टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने आखिरी मुकाबला साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेला था। घरेलू मैदानों की बात करें तो कोहली ने अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च 2023 में आखिरी मैच खेला था। उसके बाद बेट अकाय के जन्म के कारण वे निजी कारणों से ब्रेक पर चले गए थे।

### बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल।

### टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम

नजमुल हसन शान्तो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद और जाकिर अली अनिक।

# गाजियाबाद के मोबाइल शोरूम में 25 लाख की चोरी

## पुलिस चौकी से 200 मीटर की दूरी पर वारदात; सीढ़ियों के रास्ते घुसे चोर




**मोदीनगर करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर स्थित गोविंदपुरी कॉलोनी के एक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में गुरुवार रात चोरी की घटना सामने आई है। बदमाशों ने शोरूम की छत से प्रवेश कर करीब 25 लाख रुपए के 125 मोबाइल फोन चुरा लिए।

जानकारी के अनुसार, कादराबाद के सचिन और विनीत भाई हैं। सचिन का गोविंदपुरी में नगरपालिका मार्केट के निकट एसके टेलीकॉम नामक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम है। बृहस्पतिवार रात को सचिन ने शोरूम का ताला लगाकर घर चले गए।

इस दौरान, कुछ बदमाश पड़ोस में लगी सीढ़ियों के जरिए शोरूम की छत तक पहुंच गए। छत से सीढ़ियों के रास्ते शोरूम के भीतर घुसकर उन्होंने मोबाइल फोन और गल्ले में रखी नकदी चुरा ली।

शुक्रवार दोपहर को सचिन जब दुकान पर पहुंचे और शटर खोला, तो वह देख कर हैरान रह गए। शोरूम का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था और अधिकांश मोबाइल गायब थे। सूचना मिलने के बाद आसपास के व्यापारी भी इकट्ठा हो गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

सचिन ने एसीपी को बताया कि चोरी हुए 125 मोबाइल फोन में से अधिकांश बड़े ब्रांड्स के हैं, जिनमें से कुछ की कीमत एक लाख रुपये से भी ऊपर है। इस मामले की गहन जांच के लिए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया है, जो चोरी की घटना के पदार्फाश के लिए काम कर रही हैं।

# गाजियाबाद शहर के 50 इलाकों में घटों गुल रही बिजली

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर में शुक्रवार को बारिश के बाद विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा गई। 50 से ज्यादा इलाकों में कई घंटे बिजली गुल रही। इससे लोगों को पानी संकट से भी जूझना पड़ा। लाइन में फॉल्ट होने से विद्युत कटौती रही। बारिश के बाद बिजली की लाइन में फॉल्ट के मामले बढ़ रहे हैं। विद्युत कर्मचारियों को फॉल्ट तलाश करने में समय लगता है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। शुक्रवार को बारिश की वजह से लाल कुआं और विजयनगर क्षेत्र में चार से पांच घंटे विद्युत कटौती रही। लाइन में फॉल्ट होने से विद्युत कटौती रही। इसके साथ लोगों को पानी संकट से जूझना पड़ा। गोविन्दपुरम और बाला जी एन्कलेव में एक से दो घंटे की विद्युत कटौती रही। लोगों ने बताया शिकायत करने पर पता चला कि लाइन में फॉल्ट होने से बिजली कटौती की गई है। कैला भट्टा में भी दो से तीन घंटे की विद्युत कटौती रही। यहां रात में भी काफी देर तक बिजली गायब रही। इसके अलावा नंदग्राम क्षेत्र में भी बिजली कटौती से लोग परेशान रहे।

### ट्रिपिंग की समस्या से भी परेशानी रही

नवयुग मार्केट, पटेलनगर, लोहियानगर, रमतेराम रोड आदि इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या रही। हर दस मिनट में बिजली कटौती की जा रही थी। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। लोगों ने बताया रोजाना ट्रिपिंग की समस्या आ रही है। शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।



### ट्रांस हिंडन कई इलाकों में छह से सात घंटे की बिजली कटौती

ट्रांस हिंडन क्षेत्र में शुक्रवार को कई स्थानों पर छह से सात घंटे की बिजली कटौती हुई। इससे भोपुरा, डिफेंस कॉलोनी, शहीद नगर, जवाहर पार्क सहित कई इलाकों में बिजली कटौती हुई। बिना बिजली के लोगों को पानी किल्लत से जुझना पड़ा। बारिश में हुए फॉल्ट के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही। बारिश में आए लोकल फॉल्ट के चलते ट्रांस हिंडन के कई इलाकों में छह से सात घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। भोपुरा में गुरुवार रात नौ बजे से सुबह चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। शहीद नगर में सुबह चार बजे से दस बजे तक, जवाहर पार्क में रात दस बजे से तड़के तीन बजे तक बिजली नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत निगम को शिकायत के बाद भी बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं डिफेंस कॉलोनी, डीएलएफ कॉलोनी, तुलसी निकेतन, कड़कड़ मॉडल, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, भारत सिटी सोसाइटी, कॉलोनी, वैशाली सेक्टर पांच, तीन, एक वसुंधरा सेक्टर 15, 16, चार, तीन सहित कई इलाकों में चार से पांच घंटे की बिजली कटौती हुई। राजेंद्र नगर सेक्टर, हर्ष विहार, राजीव कॉलोनी, अभयखंड, न्यायखंड एक, शालीमार गार्डन मेन, एक्सटेशन दो सहित कई इलाकों में कम ज्यादा वोल्टेज की समस्या रही। लोगों का आरोप है कि कम ज्यादा वोल्टेज से विद्युत उपकरण फुंकने का डर रहता है। राजीव कॉलोनी निवासी विजय कुमार ने बताया कि वोल्टेज से परेशानी हो रही है।




### भगवा कुनबा संगठन शिल्पी ने बढ़ाया था फिर सीट क्यों घट गई

फूल वालों के यहां सदस्यता अभियान चल रहा है और व्यापार मडंल वालों की दुकान पर जाकर मोबाईल फोन से कुनबा एक्सटेंशन किया जा रहा है। भाजपाई ही भाजपाई को भाजपा का सदस्य बना रहा है। फार्मर फ्रंट वाले भगवा भारद्वाज बता रहे हैं कि ये तो मेंबरशिप का नवीनीकरण है और हर 6 साल पर होता है। व्हाट इज द बेनीफिट ऑफ दिस एक्सटेंशन के सवाल पर पुराने भाजपाई ने कहा कि समय बिताने के लिये करना है कुछ काम तो आप इसे बहुत ही जरूरी काम मानकर चले। इतना जरूरी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश के प्रधानमंत्री को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का मेंबर बनाया। कहने वाले ने कहा कि बात तो बेनीफिट की हो रही हैं। पुराने भाजपाई ने कहा कि ये भला क्या सदस्यता अभियान हैं, कुनबा एक्सटेंशन तो वो था जो उस समय के सगंठन शिल्पी ने चलाया था। कोई भी 50 मिस्डकाले किसी की भी लगवा ले और वो भाजपा का सक्रिय सदस्य। स्कीम ही ऐसी थी कि सीएलसी वाले पांडेय सक्रिय सदस्य हो गये और बालेश्वर त्यागी को पार्टी ने सक्रिय सदस्य ही नही माना एज पर रूल। बहरहाल सवाल ये उठा कि अगर उस समय इतना बड़ा कुनबा एक्सटेंशन हो गया था तो फिर लोकसभा इलेक्शन में क्या हो गया था जो यूपी में पार्टी की सीटे घट गई थी। मिस्ड काल से कोई भौकाल नही बनता है बल्कि जमीनी स्तर पर बहुत कुछ मिस हो जाता है।

### रामलीला का रियल फाईनेंस मैनेजमेंट कोई इनसे सीख सकता है

कविनगर वालों की रामलीला यूपी में सबसे भव्य भी मानी जाती है और सबसे महंगी भी। कहते हैं कि यहां कोरोना के चंदे वाली कहानी को छोड़ दे तो कोई और कहानी भी बाहर नही आती। जमीन भले ही जीडीए की है लेकिन मैदान में किसका तंबू कहा लगेगा ये दिवाकर और चौटानी तय कर देते हैं। कहने वाले कहते भी हैं कि ऐसे ही तो वो इतनी राते यहां काली नही कर देते हैं। कुछ दाल काली या दाल में काला मगर उनके यहां कोई भी तो नही है बोलने वाला। चूंकि यहां आटे में साल्ट ही अलाऊड है इसलिये कोई फाल्ट भी नही है और फाल्ट हो भी तो किसी को दिखेगा नही तभी तो यहां का मामला सो प्राऊड हैं। बीस दिन का गेम है और तीन महीने की मेहनत में वर्ष भर फुल हर्ष के साथ गुजारा होता है। रामलीला का रियल मैनेजमेंट कोई यहां से सीख सकता है।

### बजेगा उनका बैंड क्योंकि उन्होने ने राम वालों को दान की है ये लैंड

ये राम की लीला है कि सुल्ला वालों का रोज का गल्ला उठता है। जब सब कुछ राम का है तो फिर यहां कोहराम ही इस बात का मचता है कि मुसलमान का इसमें क्या काम हैं। कभी बजरंगी तो कभी हिन्दु वीर यहां इस बात को लेकर तीर लेते हैं कि ठेका आबिद को ही क्यों दिया है। बीते दिनो पार्किंग के ठेके को लेकर हंगामा हुया था और अब मेले के झूले के ठेके को लेकर हंगामा होना ही है। जुबान भी राम वालों ने ही खोली और कहा कि इनके विरोध को कौन पूछ रहा है। साहब ठेके का बैंड तो उनका ही बजेगा और इसलिये बजेगा क्योंकि जिस मैदान पर राम की लीला हो रही है वो जमीन ही वक्फ वालों ने दान की है। हिन्दुओं ने कई बीघा जमीन में फैक्ट्री लगाई,फन पार्क बनाये पर वो एक बीघा जमीन भी राम के नाम पर दान नही कर पाये। जब जमीन मक्का वालों की है तो रूक्का भी उन्ही का रहेगा। ठेका उन्ही को मिलता आया है और उन्ही को मिलेगा।

# गाजियाबाद के जालसाजों ने 9 राज्यों के 39 को ठगा

## फोन करके कहते - पॉलिसी रिन्यूवल करवा लीजिए, कॉल सेंटर से एचडीएफसी कस्टमर का डेटा चुराया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने शुक्रवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यूवल के नाम पर लोगों को ठगते थे। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद 9 राज्यों की 39 घटनाओं का खुलासा किया है। एडीएसपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया- पकड़े गए आरोपी ऋषभ राजपूत निवासी पांडेपुरी वाराणसी और सुमित रावत निवासी विजयनगर गाजियाबाद हैं। इनसे 4 मोबाइल, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक कार्ड और सिम बरामद हुए हैं।




### वर्किंग डे में ठगी, वीकेंड में पहाड़ों पर मौज मस्ती

ये दोनों पहले में कॉल सेंटर में काम कर चुके हैं। इस दौरान इन्होंने एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के कस्टमर का डेटा चुरा लिया था। उसके बाद खुद ही मुंबई हेडक्वार्टर से लक्ष्क्ष कर्मचारी बताकर किश्त जमा नहीं करने पर लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी लेप्स होने का डर दिखाते हैं। फिर कस्टमर को झांसे में लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी लेप्स होने की बात कहकर किश्त लेकर फर्जी रसीद पॉलिसीधारक को भेजते हैं। आखिर में पॉलिसी रिन्यूवल के नाम पर पैसा ठगकर लापता हो जाते हैं। इन दोनों को फर्जी क्रूपर सिमकार्ड उपलब्ध कराने का काम वैशाली गाजियाबाद निवासी फहाउद्दीन उर्फ फहाद नामक व्यक्ति करता था। इसके बदले फहाद कुल ठगी का 25 परसेंट कमीशन पाता था। ठगी के बाद ये लोग सिमकार्ड तोड़कर फेंक देते थे। ये गैंग सिर्फ वर्किंग-डे में ठगी करता था और वीकेंड में पहाड़ों पर मौज मस्ती करने निकल जाता था।

### गैंग मास्टरमाइंड दसवीं पास

आरोपी ऋषभ राजपूत 10वीं तक पढ़ा है। यही इस गैंग का मास्टरमाइंड है। ऋषभ ने इउअ पास सुमित कुमार को अपने साथ 15 हजार रुपए मासिक सेलरी पर रखा हुआ था। सुमित फर्जी रसीद बनाने का काम करता था। इस गैंग ने गाजियाबाद की रजनी गोयल से एक लाख रुपए, साक्षी मडके से 4 लाख रुपए ठगे थे।

### इन राज्यों के लोगों से हुई ठगी

इन आरोपियों ने जौनपुर के रणविजय पटेल, पीलीभीत के मोहम्मद सिराज, सहारनपुर के वाहिद अहमद, मोहम्मद अदनान और अनीता, लखनऊ के सौरभ वर्मा, महोबा के बल्दू, कौशांबी के रोहन गोयल, आगरा के नागेंद्र प्रताप सिंह व कार्तिक, अयोध्या के राम जी मौर्या, बरेली के आकिब हुसैन, मेरठ के स्पर्ध धुपर, गोंडा के चंद्रभाई, जयपुर के जयपाल, नीलेश शर्मा, मोहनलाल अग्रवाल, ज्योति, महेश रजवानी व हेमंत चौधरी, अजमेर के शंकर को ठगा था। इसी तरह विदिशा के अनिल दुबे, रतलाम के अवनी बरमेचा, देहरादून के लक्ष्मण सिंह व इरफान, हरिद्वार के सुनील कौशिक, गोपालगंज बिहार के मुदस्सिर अकरम, दिल्ली के सुभाष चंद्र, मुंबई के मिराज शेख, बोकारो झारखंड के अजय कुमार, हैदराबाद के मोहम्मद वाहिद से भी इसी गैंग ने ठगी की थी।

# लोनी में भरभराकर गिरा मकान:मां की मौत, दो बेटियां घायल, जर्जर हो चुका था मकान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के लक्ष्मी गार्डन में एक मकान ढह गया। मकान के मलबे में दबने से मां और 2 बेटियां घायल हो गईं। मां की इलाज के दौरान दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। गाजियाबाद में एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया- कंट्रोल रूम के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी की गली नंबर 2 में एक मकान गिर गया है। सूचना देने वाले ने बताया कि इसमें कुछ लोग दब भी गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत मलबे को हटाया। मलबा में सुंदरी देवी और उनकी दो बेटी वर्षा और लक्ष्मी दबी निकली। सुंदरी देवी जिनकी उम्र 52 साल है उनको गंभीर चोटे थी जिन्हें तत्काल दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सुंदरी देवी की दो बेटी 20 वर्षीय वर्षा और 13 वर्षीय लक्ष्मी को भी चोटे हैं हालांकि वह खतरे से बाहर है। यह दो कमरे का कच्चा मकान था। साथ ही इसकी हालत बेहद जर्जर थी।

# हापुड़ में पुलिस अधिकारियों का तबादला

## एसपी ने बदले 4 सीओ, 4 कोतवाल समेत 9 इंस्पेक्टर बदले, सीओ सिटी बने जितेंद्र शर्मा

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानेंजय प्रताप सिंह ने जनपद की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 4 सीओ और 4 कोतवाली प्रभारी समेत 9 इंस्पेक्टर को बदल दिया है। जिसमें सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा को नियुक्त किया गया है।

एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने सीओ सिटी वरुण मिश्रा को सीओ गढ़मुक्तेश्वर, सीओ यातायात/ यूपी 112 में तैनात सीओ सीओ जितेंद्र शर्मा को सीओ सिटी, सीओ पिलखुवा स्तुति सिंह को सीओ यातायात/ यूपी 112, अनीता चौहान को सीओ पिलखुवा बनाया गया है।

इसके साथ ही एसपी के पीआरओ नीरज कुमार को प्रभारी निरीक्षक गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह को थाना प्रभारी निरीक्षक पिलखुवा, पिलखुवा थाना प्रभारी प्रभाकर कैंतुरा का गैर जनपद स्थानांतरण होने पर रिलीव किया गया है।



### नीरज कुमार बने गढ़ कोतवाली प्रभारी

एसपी ने इसके अलावा प्रभारी डीसीआरबी/ रिट सैल श्यौपाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना सिंभावली, गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हापुड़ नगर, पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक मनोज कुमार को प्रभारी डीसीआरबी/ रिट सैल, सिंभावली थाना के निरीक्षक (अपराध) विनोद पांडेय को प्रभारी सर्विलांस सेल, पुलिस लाइन से निरीक्षक अवधेश माहौर को अतिरिक्त निरीक्षक थाना हापुड़ नगर, अतिरिक्त निरीक्षक थाना हापुड़ नगर से निरीक्षक संजय कुमार सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक थाना पिलखुवा तैनात किया गया है।

# नोएडा में साइबर अपराधियों का आतंक, पीड़ित से ठगे सवा करोड़ रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**नोएडा करंट क्राइम।** साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति को मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक करोड़ 25 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाना साइबर क्राइम में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गौतम ने बताया कि हिमालय प्राइड सोसाइटी (नोएडा एक्सटेंशन) के निवासी उमेश कुमार गुलाटी ने बीती रात इस धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि यह मामला 1 जनवरी 2024 से शुरू हुआ, जब उमेश के पास एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक प्रतिष्ठित कंपनी का प्रतिनिधि बताकर उन्हें निवेश के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। उमेश कुमार को 22 जनवरी को कंपनी की सदस्यता शुल्क के रूप में 1,49,670 रुपए जमा करने के लिए कहा गया। इसके बाद उन्हें ऑनलाइन मुनाफा दिखाया जाता रहा। जिससे उमेश ने और अधिक पैसा निवेश करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे करके एक अप्रैल 2024 तक उन्होंने कुल एक करोड़ 25 लाख रुपए साइबर अपराधियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कंपनी द्वारा किए गए वादे पूरा न होने और मुनाफा न मिलने पर उमेश को ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने 11 सितंबर की रात को थाना साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब उन खातों की जांच कर रही है। जिनमें यह धनराशि ट्रांसफर की गई।

### पुलिस ने लोगों से की अपील

थाना प्रभारी विजय कुमार गौतम ने कहा कि साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों को भी सलाह दी है कि ऐसे किसी भी प्रकार के झूठे निवेश के लालच में न आएं और सतर्क रहें। इस घटना ने नोएडा के निवासियों में साइबर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# ई-रिक्शा रोक आदेश ने बताया कि गाजियाबाद में विरोध की राजनीति को लगा पूर्णविराम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के अनेक राजनेता, जनप्रतिनिधि ऐसे हुए हैं जिन्होंने जनहित के मुद्दों को लेकर न केवल विरोध प्रदर्शन किए बल्कि मुकदमे भी झेले हैं। उजागर फाउंडेशन के महासचिव सचिन सोनी ने कहा कि पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने झुग्गी-झोपड़ी वालों के समर्थन में अपनी ही सरकार के नगर आयुक्त (बाबा) के खिलाफ धरने पर बैठ कर ना केवल बुलडोजर रुकवाया बल्कि झुग्गी-झोपड़ी वालों को दीनदयालपुरी, सुदामापुरी में बसवाया।

पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार (मुन्नी) खोखे-पटरी वालों की ऐसी आवाज बने जिन्होंने खोखे वालों को विभिन्न कालोनियों में क्योंस्क (दुकानें) आवंटित कराईं। पूर्व सांसद/विधायक स्वर्गीय सुरेन्द्र प्रकाश गोयल नगर निगम हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ शहर भर में रिक्शा लेकर न केवल घूमे बल्कि जनता को राहत दिलवाई। अब राजनीति बिल्कुल उलट है। एक पुलिसिया आदेश सैकड़ो ई-रिक्शा संचालकों के जीवनयापन पर असर डाल रहा है तो हजारों यात्रियों की यात्रा में बाधा उत्पन्न कर रहा है। शायद पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ बदल चुका है। इन वर्षों में राजनीतिक दलों में संघर्षशील नेताओं के स्थान चापलूसों ने ले लिए। पिछले कुछ वर्षों में व्यापारिक संगठन व आर.डब्ल्यू.ए.अत्यधिक सक्रिय हुए हैं, जिनका संपर्क राजनेताओं/ जनप्रतिनिधियों के मुकाबले अधिकारियों से अधिक रहता है। प्रशासनिक कार्यक्रमों को सफल बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिस कारण विरोध की राजनीति लगभग समाप्त सी हो गयी है और प्रशासनिक आदेश सही बताए जाने के अनेक तर्क जनता के बीच में रखे जाते हैं। ई-रिक्शा संचालन रोक के आदेश के खिलाफ अभी सर्वप्रथम पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने ही आवाज उठायी। तत्पश्चात सपा युवजन सभा जिला अध्यक्ष जीतू शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय चौधरी ने मोर्चा संभाला, जिसका परिणाम सुखद होना चाहिए। ऐसे में हम राजनीतिक दलों से उम्मीद कर सकते हैं कि वो ऐसे कार्यकर्ताओं पर विश्वास जताएं जिनकी जनता में स्वीकार्यता हो।



# नोएडा में ठक-ठक गैंग का बदमाश गिरफ्तार पुलिस पर किया था फायर, 6 बार जा चुका है जेल

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा की थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद ठक-ठक गिरोह के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश पहले भी दिल्ली नोएडा और गाजियाबाद से इसी मामले में 6 बार पहले भी जेल जा चुका है। इसके पास से अवैध तमंचा, 10 हजार 700 रुपए के अलावा 4 फोन, 7 आईडी, 5 चैक बुक के अलावा अन्य सामान बरामद किया गया है। इसके ऊपर नोएडा में 8 मुकदमे दर्ज है। इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। इस बदमाश ने नोएडा में तीन दिन पहले कार का शीशा तोड़कर सामान चोरी किया था।

### इस्कॉन मन्दिर के पास से पकड़ा गया

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि सेक्टर-24 पुलिस को जानकारी मिली कि ठक-ठक गिरोह का एक सदस्य इस्कॉन मंदिर के पास है। पुलिस ने लाजिक्स मॉल से इस्कॉन मन्दिर की तरफ आने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। भनक लगते ही आरोपी ने पुलिस पर फायर किया। जिसके बाद पुलिस ने चारो ओर से घेर कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान सुब्रत कुमार हुई है।



पूछताछ में सुब्रत ने बताया कि कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप, मोबाइल आदि सामान चोरी करने वाला हमारा एक संगठित गिरोह है। हम लोग गैंग के लीडर के बताये स्थान जैसे मार्केट, मॉल, सोसाइटियों आदि जगहों पर जाकर उनके बाहर खड़ी कारों का शीशा अपने पास मौजूद एक उपकरण द्वारा तोड़कर उसमें रखे लैपटॉप, मोबाइल आदि सामान को रात के समय टार्च की रोशनी से देखकर चोरी करते है।

घटना करते समय हमारा गैंग लीडर व अन्य सदस्य भी हमारे साथ रहते है लेकिन कुछ दूर रहते है। यदि हम फंस जाए या हमे कोई देख ले तो हमारी मदद को आते है। चोरी की घटना में जो मोबाइल, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान मिलते है। उन्हे हम लोगो को झूठा आश्वासन व समस्या बताकर आसानी से बेच देते है। चोरी किये गये लैपटॉप, मोबाइल आदि सामान को बेचकर जो धन मिलता है। उस धन को हम लोग गैंग के सभी सदस्यों में बराबर-बराबर हिस्सा बांट लेते है।

### 6 बार जा चुका जेल

पकड़ा गया आरोपी सुब्रत और गिरोह के अन्य लोग नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव, फरीदाबाद, दिल्ली आदि एनसीआर क्षेत्र में गाडी का शीशा तोड़कर चोरी की घटनाएं कर चुके है। सुब्रत खुद इसी मामले में छह बार जेल जा चुका है। पुलिस इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। साथ ही पूछताछ के जरिए गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## नोएडा ठगी के आरोपी को जमानत मिलने पर आईओ निलंबित

# 70 करोड़ की ठगी का आरोप, एसटीएफ ने किया था गिरफ्तार; एसएचओ की विभागीय जांच के आदेश

**नोएडा, करंट क्राइम।** 70 करोड़ रुपए की ठगी में शामिल आरोपी को 5 दिन में जमानत मिली, जिसके बाद सेक्टर-63 थाने में तैनात जांच अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। जांच अधिकारी पर आरोप है कि उसने अदालत में जालसाज की क्रिमिनल हिस्ट्री पेश नहीं की।

यही चूक आरोपी को जेल से बाहर निकालने में मददगार साबित हुई। मामले में थाना प्रभारी की भी विभागीय जांच का आदेश हो गया है। कई अन्य पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की भी मामले में संलिप्तता बताई जा रही है। अदालत में लचर पैरवी के कारण महाठग विनोद धामा को जमानत मिल गई। दोनों आरोपी विनोद धामा और रविंद्र की गिरफ्तारी गाजियाबाद के इंदिरापुरम से हुई थी। दोनों वसुंधरा कॉलोनी में एक फ्लैट में पहचान छिपाकर रह रहे थे।

दोनों नोएडा और गाजियाबाद समेत समूचे एनसीआर में शेयर बाजार में रकम निवेश कराने के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों की रकम हड़प चुके हैं। इनके खिलाफ राजस्थान, हैदराबाद और यूपी में मुकदमे दर्ज हैं।




एसटीएफ के एएसपी ब्रिजेश सिंह ने खुलासा किया कि विनोद कुमार धामा और रविंद्र निवासी बागपत ने गिरोह बनाया हुआ था, जो शेयर बाजार में लोगों की रकम लगवाने और मोटा मुनाफा देने का झांसा देता है। अपनी इस कंपनी का पूरा डाटा आरोपी ऑनलाइन गूगल पर डालते हैं। ऐसे में लोगों को शेयर बाजार में निवेश कराने और मोटा मुनाफा देने के नाम पर झांसे में लिया जाता है।

### ठगी में एसटीएफ ने किया था गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम ने बीते सात सितंबर को 70 करोड़ रूपए की ठगी करने वाले विनोद कुमार धामा व रविन्द्र उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया था। दोनों ठगों को एसटीएफ ने नोएडा के सेक्टर-63 थाने के माध्यम से जेल भेजा था। इस मामले की जांच का काम नोएडा के सेक्टर-63 थाने के दारोगा दीपक दीक्षित को सौंपा गया था। आरोप है कि दीपक दीक्षित ने अदालत में अपराधी की क्रिमिनल हिस्ट्री पेश नहीं की। जिस समय अदालत में 70 करोड़ रूपए की ठगी की सुनवाई चल रही थी उस समय दीपक दीक्षित अदालत में गए ही नहीं।

### रेलवे अफसर ने बीमारी छिपाकर कर ली शादी, अब ईलाज के लिए ससुराल पर पैसे देने का दवाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉट कॉम वेबसाइट के जरिए के जीवन साथी बने रेलवे अफसर पर बीमारी छिपाकर शादी करने का आरोप लगा है। महिला का कहना है कि गंभीर बीमारी की जांच के बाद उपचार कराने के लिए मायके से 20 लाख रुपये लाकर ने देने पर घर से निकाल दिया गया। महिला ने इंदिरापुरम थाने में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज करवाते हुए पति के अलावा ननद और सास पर भी मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे अफसर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। विवाहिता ने इंदिरापुरम थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी डॉट कॉम वेबसाइट के उन्हें रेलवे अफसर की ओर से शादी का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। फोन पर बातचीत कर दोनों ने एक दूसरे के बारे में जानकारी की और फिर रजामंदी होने पर दोनों के परिवारों की मुलाकात हुई। वसुंधरा के एक फार्म हाउस में पूरे रस्मो रिवाज के साथ 24 अप्रैल, 2021 को दोनों की शादी हुई।

# चीनी विदेश मंत्री से मिले डोभाल, सीमा तनाव पर की दो-टूक बात

**मास्को।** रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की अहम मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान अहम मुद्दा था वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बीते चार सालों से जारी तनाव। दोनों पक्षों ने तय किया कि सरहद पर सैन्य तनाव जल्द कम करने और आमने-सामने की मोचाबंदी खत्म करने के लिए प्रयास दोगुना करने पर सहमति जताई है।

इस मुलाकात के बाद विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक ब्रिक्स देशों के एनएसए की बैठक के हाशिए पर हुए इस मुलाकात में भारतीय एनएसए अजीत डोभाल ने चीनी समकक्ष से कहा कि दोनों देशों के रिश्तों को सामान्य बनाने के लिए जरूरी है कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता के साथ साथ एलएसी के प्रति सम्मान बरकरार रखा जाए।

एनएसए अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी भारत-चीन सीमा विवाद निपटाने के लिए बने स्थाई प्रतिनिधि स्तर वार्ता तंत्र की भी अगुवाई करते हैं। हालांकि जून 2020 में हुए गलवान घाटी विवाद के बाद से इस तंत्र की बैठक केवल एक बार ही हो पाई है।



मुलाकात का अहम मुद्दा था वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बीते चार सालों से जारी तनाव

हालांकि बहुपक्षीय बैठकों के मंच पर भारत के एनएसए और उनके चीनी समकक्ष कई बार मिलते रहे हैं। इससे पहले चीनी विदेश मंत्री की मुलाकात एनएसए डोभाल से जुलाई 2023 और सितंबर 2022 में भी हुई थी। बीते एक महीनों के दौरान चीन के विदेश मंत्री के साथ भारत की यह तीसरी उच्च स्तरीय बैठक थी। इससे पहले कजाखिस्तान के अस्ताना में और फिर लाओस के विएनियाना में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की उनसे मुलाकात हुई थी। सेंट पीटर्सबर्ग में एलएसी तनाव घटाने पर एनएसए डोभाल और वांग यी की बातचीत के बीच ही एक अहम बयान विदेश मंत्री जयशंकर का भी आया जिसमें उन्होंने कहा कि लद्दाख में आमने-सामने की मोचाबंदी को करीब 75 प्रतिशत तक सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार जारी बातचीत और प्रयासों से हालात को सामान्य बनाने की कोशिशें चल रही हैं।

जानकारों के मुताबिक ताजा भारत-चीन वाताओं सिलसिला रूस के कजान में 22-24 अक्टूबर 2024 को होने वाली ब्रिक्स शिखर बैठक से पहले प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात की जमीन तैयार करना है। दोनों नेता ब्रिक्स शिखर बैठक के लिए रूस में होंगे और अगर चीनी सेना एलएसी पर अप्रैल 2020 की स्थिति में लौट जाती है तो यह तनाव कम सीमा तनाव का पारा कम करेगा।

दोनों देशों के बीच सीमा तनाव का पारा गलवान घाटी टकराव से बढ़ा था। जून 15, 2020 को भारत और चीन के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें एक कर्नल रैंक अधिकारी समेत भारत के 20 जांबाज शहीद हुए थे। लेकिन इससे कहीं ज्यादा नुकसान चीन को भी उठाना पड़ा था। हालांकि उसके बाद से भारत ने चीनी सेना की मोचाबंदी का उसी भाषा में जवाब देते हुए आमने-सामने की तैनाती कर दी थी। साथ ही कई स्तर पर सैन्य मोचाबंदी और हथियार तैनाती को भी बढ़ाया गया था।

भारत और चीन के बीच 3088 किमी की वास्तविक नियंत्रण रेखा में से 3500 किमी से अधिक का इलाका विवादित और अस्पष्ट है जिसको लेकर दोनों पक्षों के दावे हैं।

सीमा विवाद सुलझाने को लेकर उच्च स्तरीय वार्ता के लिए सीनियर रिप्रजेंटेटिव डायलॉग की व्यवस्था है जिसमें भारत के मौजूदा प्रतिनिधि एनएसए अजीत डोभाल हैं और चीन का प्रतिनिधित्व वांग यी करते हैं। इस तंत्र की अबतक 22 बैठकें हो चुकी हैं।

## भारत-चीन के रिश्तों पर बोले जयशंकर - 75% तक सुलझी समस्याएं, सीमा पर सैन्यीकरण का बढ़ना बड़ा मुद्दा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद पर कहा कि चीन के साथ समस्याओं में से लगभग 75 प्रतिशत का समाधान हो गया है, लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर सैन्यीकरण का बढ़ना है। स्विट्जरलैंड की राजधानी जेनेवा शहर में एक थिंक-टैंक में एक संवादात्मक सत्र में, जयशंकर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों ने भारत-चीन संबंधों को प्रभावित किया है, उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पर हिंसा होने के बाद यह नहीं कहा जा सकता कि बाकी संबंध इससे अछूते हैं।

**दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी-जयशंकर :** विदेश मंत्री ने कहा कि समस्या का समाधान खोजने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है। जिनेवा सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी में उन्होंने कहा, कि अब बातचीत चल रही हैं, हमने कुछ प्रगति की है। मैं मोटे तौर पर कह सकता हूं कि लगभग 75 प्रतिशत समस्याएं



सुलझ गई हैं। वहीं एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, हमें अभी भी कुछ काम करने हैं। लेकिन एक बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा पर सैन्यीकरण हो रहा है।

**बेहतर हो सकते हैं रिश्ते- विदेश मंत्री** इस दौरान विदेश मंत्री ने संकेत दिया कि अगर विवाद का समाधान हो जाता है तो रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अगर कोई समाधान निकलता है, शांति और सौहार्द की वापसी होती है, तो हम अन्य संभावनाओं पर विचार कर सकते हैं। बता दें कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अमेरिका में क्वाड शिखर सम्मेलन होगा और समय बीतने के साथ, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में यह भरोसा बढ़ रहा है कि यह (क्वाड) क्षेत्र के लिए एक शुद्ध संपत्ति है। वहीं जब विदेश मंत्री से पूछा गया कि ब्रिक्स क्यों और क्या इसका विस्तार होगा, तो उन्होंने कहा, क्लब क्यों? क्योंकि एक और क्लब था! इसे जी-7 कहा जाता था और आप किसी और को उस क्लब में नहीं जाने देंगे।



## वियतनाम में चक्रवात 'यागी' का कहर

# तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 233 हुई

**हनोई।** वियतनाम में आए तूफान के बाद मरने वालों की संख्या शुक्रवार को 233 हो गई, क्योंकि बचावकर्मियों ने भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित इलाकों से और शव बरामद किए हैं, सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।सरकारी प्रसारक वीटीवी ने कहा कि आपातकालीन दल ने उत्तरी लाओ कै प्रांत के एक छोटे से गांव लैंग नू के इलाके से अब तक 48 शव बरामद किए हैं, जो मंगलवार को पहाड़ों से आए पानी, कीचड़ और मलबे की बाढ़ में बह गया था। अन्य 39 लोग अभी भी लापता हैं।

पूरे वियतनाम में, 103 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं और 800 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यागी दशकों में दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में आया सबसे शक्तिशाली तूफान था। शनिवार को 149 किलोमीटर प्रति घंटे (92 मील प्रति घंटे) की रफ़्तार से यह तूफान आया। हालांकि रविवार तक यह कमजोर पड़ गया था, लेकिन मूसलाधार बारिश जारी रही और नदियाँ खतरनाक रूप से ऊँची बनी हुई हैं।

बाढ़ से लैंग नू गांव हुआ तबाह

यागी के कारण वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ को लेकर वियतनाम के सरकारी प्रसारक वीटीवी ने बताया कि लाओ काई प्रांत में मंगलवार को पहाड़ से बहते बाढ़ के पानी से यहां लैंग नू गांव तबाह हो गया। इस गांव में 35 परिवार रहते थे। वीटीवी ने अपनी खबर में बताया कि बाढ़ के बाद बचावकर्मियों ने यहां 16 लोगों के शव बरामद किए हैं जबकि करीब 40 लोगों की तलाश जारी है। रिपोर्ट के अनुसार चक्रवात यागी के कारण हुई भारी बारिश से बाढ़ और भूस्खलन से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 141 हो गई है, जबकि 69 लोग लापता हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

**तूफान से ढहा पुल :** उत्तरी वियतनाम में इस तूफान के कारण रेड नदी पर बना एक पुल भी ढह गया जिससे कई बाइक और कार नदी में गिर गए। इस पुल के गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

# जेल में बंद पाक के पूर्व पीएम इमरान खान ने किया आंदोलन का आह्वान

## कहा- देश की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई जरूरी

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पार्टी पीटीआई के सदस्यों से राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सड़क पर उतरने के लिए तैयार रहें। देश की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई जरूरी है।

अदियाला जेल में मीडिया से बात करते हुए पूर्व पीएम इमरान खान ने कहा कि हमारा आंदोलन लोकतंत्र के लिए जिहाद है। मैं पूरे देश से हमारी आजादी को बचाने के लिए सड़कों पर उतरने का आह्वान करता हूं। खान ने विशेष न्यायाधीश हुमायूं दिलावर पर उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कैद करने के पीछे होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हुमायूं दिलावर को हमारे खिलाफ फैसले सुनाने के बदले में अरबों की जमीन उपहार में दी गई थी। खैबर-पख्तूनख्वा के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के पास न्यायाधीश और उनके परिवार के खिलाफ सभी सबूत हैं।

आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी पर भी पूर्व पीएम हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) पर कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने के लिए मंत्री मोहसिन नकवी को आंतरिक मंत्रालय और पीसीबी अध्यक्ष सहित प्रमुख पदों से नवाजा गया। नकवी ने हमारे खिलाफ अत्याचार किए।



खान ने मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा पर पीटीआई के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जस्टिस ईसा ने हमसे हमारा चुनाव चिह्न छीन लिया और मानवाधिकार उल्लंघनों पर हमारी याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त ने धांधली के लिए मुख्य न्यायाधीश और पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) को जिम्मेदार ठहराया था। फिर भी मुख्य न्यायाधीश ईसा को विस्तार दिया जाएगा।

पूर्व पीएम ने पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिति की तुलना पूर्व सैन्य शासक जनरल याह्या खान के समय से की। पूर्व पीएम इमरान खान ने कहा कि नवाज शरीफ को डरा कर रखा गया है। नहीं तो वह बहुत पहले ही भाग गए होते। पूरे देश को हमारी आजादी की रक्षा के लिए सड़क पर आंदोलन के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए पाकिस्तान में कानून का शासन आवश्यक है।

इमरान खान ने एलान किया कि पीटीआई की सड़क आंदोलन की योजना जल्द ही सामने आएगी। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकताओं पर हो रहे अन्याय को भी उजागर किया। सरकार ने हमारे सांसदों को गिरफ्तार किया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और मेरी पत्नी की कैद भी अवैध है।

# सिंध प्रांत में 16 साल की लड़की का अधेड़ से जबरन निकाह, धर्म परिवर्तन भी कराया

**कराची।** पाकिस्तान में एक नाबालिग के धर्म परिवर्तन और जबरन निकाह का मामला सामने आया है। 16 वर्षीय लड़की को बुधवार को हुंगुरू में उसके गांव से अगवा किया गया। पाकिस्तान दरावर इत्तेहाद संगठन के प्रमुख शिवा फकीर काची ने बताया कि नाबालिग का जबरन निकाह उम्र में बहुत बड़े शख्स से करा दिया गया। निकाह के बाद नाबालिग को इस्लाम कबूल करा दिया गया। लड़की को समुरा इलाके के पास एक मदरसे में ले जाकर इस्लाम कबूल कराया गया। यहीं उसका निकाह कराया गया। लड़की के माता-पिता गुरुवार को अपनी बेटी से मिलने गए, लेकिन मौलवी ने उन्हें अंदर दाखिल नहीं होने दिया।

**गरीब परिवारों को निशाना बनाते हैं :** यह मामला ऐसे समय में आया है जब अदालत के आदेश के बाद हैदराबाद से अगवा की गई एक अन्य नाबालिग हिंदू को परिवार को सौंपा गया। इस पीड़िता को लगभग एक साल तक



यातना दी गई। दरावर इत्तेहाद संगठन के प्रमुख शिवा फकीर काची के मुताबिक दूसरे समुदाय की लड़कियों का जबरन निकाह और धर्म परिवर्तन बेहद आम बात हो चुकी है। छोटी बेटियों और बहनों को जबरन ले जाते हैं और मुस्लिम पुरुषों से उनकी शादी करा दी जाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अधिकांश हिंदू परिवार गरीब हैं, इसलिए उनकी महिलाएं आसान लक्ष्य होती हैं। उनका अपहरण होता है। परिवार की तरफ से शिकायत के बावजूद सिस्टम से पर्याप्त समर्थन नहीं मिलता है। ऐसे में पीड़ितों की वापसी सुनिश्चित करने में बेहद जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

**नाइंसाफी के खिलाफ लड़ना जारी रखेंगे :** फकीर काची ने कहा कि उनका संगठन हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है। अपहत किशोरी लड़की को बरामद करने के लिए संस्था कानून का सहारा लेगी। उन्होंने कहा कि नाबालिग को मुक्त कराने में कितना समय लगेगा, यह कहना मुश्किल है। लेकिन हम अन्याय और अपराध के खिलाफ लड़ना जारी रखेंगे।

**2022 में भी आया था ऐसा मामला :** गौरतलब है कि ऐसी ही एक अन्य वारदात में करीब ढाई साल पहले एक अन्य हिंदू लड़की को भी अगवा किया गया था। उसका अपहरण शादी के ठीक तीन दिन बाद हुआ था। जनवरी 2022 में मामला सुर्खियों में आने के बाद धर्म परिवर्तन और मुस्लिम व्यक्ति से जबरन शादी जैसी बातें भी सामने आईं। हालांकि, 14 महीने बाद वह लड़की जालिमों के चंगुल से भागने में सफल रही।

# रूसी राष्ट्रपति से एनएसए अजीत डोभाल ने की मुलाकात

## पुतिन ने रखा पीएम मोदी के साथ बैठक का प्रस्ताव

**मास्को।** ब्रिक्स देशों के एनएसए सम्मेलन में भाग लेने रूस गए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस के राष्ट्रपति से रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने को लेकर चर्चा की। साथ ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक का प्रस्ताव रखा।

एनएसए सम्मेलन से अलग भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सेंट पीटर्सबर्ग में बैठक की। पुतिन ने कहा कि हम अपने अच्छे दोस्त मोदी का इंतजार कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ने 22 अक्तूबर को कजान में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक का प्रस्ताव रखा। बैठक में पीएम मोदी को उनकी मॉस्को यात्रा के दौरान हुए समझौतों को लेकर हुई प्रगति के बारे में बताया जाएगा। साथ ही भविष्य की



योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

रूस के भारतीय दूतावास के मुताबिक एनएसए अजीत डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रूसी राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। इससे पहले अजीत डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। दोनों शीर्ष अधिकारियों की बैठक में यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका और 'पारस्परिक हितों' के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

**रूस और यूक्रेन दोनों देश भारत की मध्यस्थता के लिए तैयार :** गौरतलब है कि अजीत डोभाल की रूस यात्रा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हो रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अपनी मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की थी और कहा था कि भारत क्षेत्र में शांति बहाली के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

# भारतीय मूल के पूर्व मंत्री प्रवीण गोर्धन का निधन, कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे

**जोहांसवर्ग।** भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी राजनेता और रंगभेद विरोधी कार्यकर्ता प्रवीण गोर्धन का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। प्रवीण गोर्धन के परिवार ने बताया कि वे बीते कुछ समय से कैंसर से जूझ रहे थे और इलाज के दौरान जॉहानेसबर्ग के अस्पताल में शुक्रवार को उनक निधन हो गया। गोर्धन साल 1994 से दक्षिण अफ़्रीकी राजनीति में सक्रिय थे। चार महीने पहले ही उन्होंने घोषणा की थी कि वे अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने के लिए सक्रिय राजनीति से संन्यास ले रहे हैं।

**दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने व्यक्त की संवेदना :** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने प्रवीण गोर्धन के निधन पर दुख जताया और उन्हे एक उत्कृष्ट नेता और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक बताया। रामफोसा ने गोर्धन की पत्नी वनिता राजू, बेटियों अनीशा और प्रियेशा के सामने अपनी



संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, 'हमने एक उत्कृष्ट नेता खो दिया है, जिनका विनम्र व्यक्तित्व बुद्धिमत्ता, ईमानदारी और ऊर्जा की गहराई को दशार्ता है, उन्होंने अपनी सक्रियता, एक सांसद के रूप में अपने कर्तव्य और कैबिनेट के सदस्य के रूप में अपनी भूमिकाएं निभाईं।'

**दक्षिण अफ्रीका सरकार के वित्त मंत्री के रूप में किया काम :** साल 2010 में, गोर्धन को तत्कालीन भारतीय राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने प्रवासी भारतीय पुरस्कार से सम्मानित किया था, जो प्रवासी भारतीयों के लिए भारत का सर्वोच्च सम्मान है। प्रवीण गोर्धन ने साल 2009 से 2014 तक और फिर 2015 से 2017 तक दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने 2014 से 2015 तक सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री के रूप में भी काम किया। उनका अंतिम सार्वजनिक पद उद्यम मंत्री के रूप में था। 1999 से एक दशक तक दक्षिण अफ्रीकी राजस्व सेवाओं के आयुक्त के रूप में गोर्धन ने दक्षिण अफ्रीका की कर संग्रह एजेंसी को विश्व स्तरीय सेवा के रूप में विकसित कर वैश्विक मान्यता दिलाई। वह 2000 से 2006 तक विश्व सीमा शुल्क संगठन के अध्यक्ष भी रहे।

## पाकिस्तान: सात अरब डॉलर के ऋण पर चर्चा करेगा आईएमएफ

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा कि उसका बोर्ड 25 सितंबर को पाकिस्तान के लिए सात अरब डॉलर का ऋण विस्तार देने पर चर्चा करेगा। इस ऋण पैकेज पर 12 जुलाई को सहमति बनी थी। लेकिन पाकिस्तान को बाहरी वित्तीय मदद के अंतर को पूरा करने में मुश्किलें आने के कारण इसकी स्वीकृति में देरी हुई।

पाक ने दो अरब डॉलर की बाहरी वित्तीय मदद की प्रतिबद्धता हासिल की है।

पाकिस्तान के स्टेट बैंक के प्रमुख जमील अहमद ने बताया कि देश ने दो अरब डॉलर की बाहरी वित्तीय मदद की प्रतिबद्धता हासिल की है। जिससे आईएमएफ की बैठक में इस ऋण की स्वीकृति पर असर पड़ा। आईएमएफ की प्रवक्ता जूली कोजैक ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि आईएमएफ ने जुलाई में पाकिस्तान के साथ कर्मचारी-स्तर का समझौता किया था। बोर्ड की बैठक 25 सितंबर को होगी।

# 'क्वाड भागीदारों से मिलने के लिए तत्पर', अमेरिका की आगामी यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज अमेरिका जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह क्वाड शिखर सम्मेलन में लेने के लिए वॉशिंगटन की यात्रा करने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने बताया कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों और चार देशों के बीच भागीदारी को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए क्वाड भागीदारों से मिलने के लिए तत्पर हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन 21 सितंबर को अमेरिका के डेलावेयर स्थित विलमिंगटन में चौथे क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो पहुंचेंगे। भारत 2025 क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।




## ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज क्षेत्रीय मुद्दों और अवसरों पर करेंगे चर्चा

'क्वाडीलेटरल सिक्योरिटी डायलाग', क्वाड एक इनफॉर्मल स्ट्रैटेजिक फोरम मंच है, जिसमें अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। क्वाड की स्थापना 2007 में की गई थी। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे 2007 में क्वाड के गठन का विचार रखने वाले पहले व्यक्ति थे।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने बयान जारी किया। बताया गया कि अल्बनीज शिखर सम्मेलन में क्वाड के सकारात्मक और व्यावहारिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय मुद्दों और अवसरों पर चर्चा करेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा, 'मैं हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों और भागीदारी को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए अपने क्वाड भागीदारों के साथ बैठक करने के लिए तत्पर हूं।' उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भविष्य के लिए गहराई से निवेश किया है।

उन्होंने आगे कहा कि ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, भारत और जापान एक ऐसे क्षेत्र के लिए एक दृष्टिकोण साझा करते हैं, जो स्वीकृत नियमों और मानदंडों द्वारा शासित होता है, जहां सभी देश सहयोग, व्यापार और कामयाब हो सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रपति अल्बनीज ने कहा कि हम जिस तरह के क्षेत्र में रहना चाहते हैं, उसे आकार देने के लिए मिलकर काम करेंगे। जब हम अपने करीबी दोस्तों और साझेदारों के साथ मिलकर काम करते हैं तो हम हमेशा बेहतर होते हैं।




# आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने किया 'स्वच्छता ही सेवा 2024' कार्यक्रम का शुभारंभ

## जन सहभागिता से गाजियाबाद स्वच्छता सर्वेक्षण में फिर होगा नम्बर वन : नगर आयुक्त






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने सुषमा स्वराज भवन दिल्ली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वच्छता ही सेवा 2024 का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के मिनिस्टर मनोहरलाल खट्टर तथा जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी उपस्थित रहे। मनोहरलाल



खट्टर ने उपस्थित जनों का स्वच्छता के प्रति मनोबल बढ़ाया। उन्होंने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता का संदेश दिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि जन सहभागिता से गाजियाबाद स्वच्छता सर्वेक्षण में फिर होगा नम्बर वन।

### गाजियाबाद नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों सहित किया प्रतिभाग

**करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सफाई मित्रों के साथ प्रतिभाग किया। साथ ही गाजियाबाद को फिर से स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन बनाना है, मोटिवेशन प्राप्त किया। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गाजियाबाद में निगम चलाएगा महासफाई अभियान। सफाई मित्रों में भी उत्साह दिखाई दिया।

# महापौर बोर्ड बैठक बुलाकर निरस्त क्यों नहीं करा रही हैं हाउस टैक्स बढ़ोतरी को : मनोज चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर महापौर सुनीता दयाल का मुख्यमंत्री व भाजपा संगठन पदाधिकारी को पत्र लिखना व अखबारों में शुक्रवार को खबर पढ़कर मैं हैरान व चिंतित हूं। जिस गाजियाबाद नगर निगम में शहर की जनता ने बीजेपी के 75 पार्षद व महापौर को जिताकर सदन में भेजा और महापौर सत्ता दल से आती हैं और अधिकारी इस तरह से मनमानी कर सकते हैं। महापौर क्यों नहीं तत्काल कार्यकारणी और बोर्ड सदन बुलाकर डीएम सर्किल रेट की बढ़ोतरी न करने का प्रस्ताव पास कर शासन को भिजवा दें। डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स में बढ़ोतरी एक नीतिगत फैसला है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि महापौर सुनीता दयाल कार्यकारिणी और बोर्ड बैठक बुलाकर इस प्रस्ताव को खारिज क्यों नहीं करवा रही हैं। क्यों शासन को नगर निगम की भावना से अवगत नहीं कर रही हैं। महापौर सदन की अध्यक्ष हैं, उन्हें अपनी पावर का प्रयोग करना चाहिए। हाउस टैक्स बढ़ोतरी के मामले में अपनी पावर का सही उपयोग क्यों नहीं कर रही है, यह समझ से परे है। हाउस टैक्स बढ़ोतरी न होने देने पर बार-बार मीडिया को और अखबारों में जो उनके बयान छप रहे हैं, उससे शहर की जनता भ्रमित हो रही है। क्या महापौर को कहीं डर तो नहीं की गाजियाबाद नगर निगम के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा ना हो जाए। बिना कार्यकारिणी व बिना बोर्ड में पास करवाये बिना अधिकारी डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स के नए बिल भेज रहे हैं तो वह गलत है। उन्हें बताना चाहिए कि शासन ने क्या उनके प्रस्ताव को पास कर दिया है या नहीं क्योंकि नगर निगम में कार्यकारिणी व बोर्ड सदन सर्वोच्च है।

# मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

## मत्स्य पालकों को दिलाया जाए योजनाओं का पूरा लाभ : मत्स्य पालन मंत्री

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने मत्स्य विभाग, गाजियाबाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक से पूर्व उनके आगमन पर कलेक्ट्रेट परिसर में मंत्री संजय कुमार निषाद को गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों सहित पार्टी पदाधिकारियों ने मंत्री संजय कुमार निषाद का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. संजय कुमार निषाद ने बैठक के दौरान 2023-24 के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की दिनांक 13 सितंबर 2024 तक प्रगति, निषाद राज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, मछुआ दुर्घटना बीमा, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, मत्स्य बीज वितरण की प्रगति, ग्राम सभा के तालाबों का दस वर्षीय पट्टा व विभागीय जलाशय आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।



### योजनाओं का वृहद स्तर पर किया जाए प्रचार-प्रसार, जिससे आय व रोजगार में हो सके वृद्धि : मंत्री

**करंट क्राइम।** मत्स्य मंत्री ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की उपयोजनाओं यथा बायॉफ्लाक पाण्ड निर्माण व निवेश, मोटरसाइकिल विद आइस बाक्स, कियोस्क निर्माण, आर.ए.एस. निर्माण, फीड मिल व किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को लाभ दिलाया जाए, जिससे मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि हो सके व रोजगार का भी सृजन हो सके। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य की जल्द से जल्द पूर्ति करने का प्रयास किया जाए।

### अन्तिम पायदान पर खड़े पात्र लाभार्थी को दिलाया जाए योजनाओं का लाभ : डॉ. संजय कुमार निषाद

**करंट क्राइम।** डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की मंशानुरूप अंतिम पायदान पर खड़े पात्र लाभार्थी को भी योजना का लाभ पहुंचाना है। बहुत से ऐसे लोग होते हैं जिन्हें योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं होती हैं, इसके लिए योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार—प्रसार किया जाएं।

### बैठक में गणमान्य लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी सुभाष कश्यप, उप निदेशक मत्स्य मेरठ मण्डल, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, खाद्य सुरक्षा अधिकार, जिला परियोजना अधिकारी नेडा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य उपस्थित रहे।

# गणपति बप्पा मोरया : वसुंधरा में शोभा यात्रा निकालकर धूमधाम से हुआ गणपति विसर्जन







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में चल रहे गणेश महोत्सव का शुक्रवार को भक्तों ने शोभा यात्रा निकालकर प्रतिमा विसर्जन किया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से माहौल गूंज उठा। शोभा यात्रा में भगवान शिव, पार्वती, मां काली, हनुमान, विष्णु, ब्रह्मा समेत कई भगवानों की झांकियां भी शामिल रहीं। छोटे बच्चों भगवान का रूप धारण किया। आयोजक अमित कुमार ने बताया कि वसुंधरा में 5 दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया था। शोभायात्रा में जमकर रंग बिखेरा गया। यात्रा साहिबाबाद गांव से होकर, झंडापुर, कड़कड़ मॉडल, हिंडन क्षेत्र से एनएच-58 मुरादनगर पर पहुंची। यहां





सभी ने भगवान के गानों पर डांस किया और गणेशजी का प्रसाद वितरित किया। शोभा यात्रा शाम 5 बजे मुरादनगर गंगनहर पहुंची, यहां सभी ने गणेशजी की प्रतिमा का विसर्जन किया। पंडित मनोज दीक्षित ने बताया कि बेटियों की गर्भ में रक्षा और उनकी शिक्षा का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जल अनमोल है, उसे व्यर्थ ना जाने दें। अपने घर के आसपास साफ-सफाई रख पृथ्वी को सुंदर बनाएं। माता-पिता का सदैव सम्मान करें। इससे प्रभु के साक्षात दर्शन होंगे। हमें दूसरों के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार करना चाहिए। वहीं, गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए कभी संकोच नहीं करना चाहिए।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव के मंत्री सुरेश खन्ना से पारिवारिक रिश्ते हैं। हिमांशु लव उनका बहुत सम्मान करते हैं और सुरेश खन्ना भी बेहद स्नेह भाव उनके प्रति रखते हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने लखनऊ में मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात की। इस दौरान हिमांशु लव ने कई मुद्दों पर बातचीत की ओर विचार विमर्श किया।

## एनडीआरएफ में बैंड-बाजे के साथ विदा हुए गणपति बप्पा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में गोविंदपुरम स्थित एनडीआरएफआठवीं बटालियन में गणपति बप्पा को विदाई दी गई। गणपति बप्पा एनडीआरएफ के बैंडबाजे के साथ विदा हुए। शुक्रवार सुबह से ही बप्पा के विसर्जन के तैयारी में एनडीआरएफ के जवान मंदिर एवं बप्पा की गाड़ी सजावट करने में जुटे रहे। दोपहर को परंपरागत विधिनुसार गणेश जी विसर्जन की पूजा की गई। गणपती बप्पा मोरया, मंगलमूर्ती मोरया, गणपती बप्पा अगले बरस भी जल्दी आ के जयकारे से पूरा कैम्पस गूंज उठा। बैंड , ढोल व नगाड़ों के साथ कैम्प से बप्पा को विदा किया गया। उन्हें एनडीआरएफ कैम्पस में बने नवनिर्मित आवास परिवार में ले जाया गया। वहां पर जवानों के परिवारों ने दर्शन किये और खूब डांस किया। बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अमित मुरारी ने बताया- बटालियन में तैनात जवानों को अपने घर, क्षेत्रीय त्योहारों की कमी महसूस न हो।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये एक तस्वीर तीन पीढ़ी की विरासत को समेटे है। दिवंगत पूर्व सांसद के पौत्र का जन्मदिन है। पूर्व सांसद के पुत्र सुशांत गोयल ने अपने हैंडसम पुत्र को जन्मदिन की बधाई दी । दिवंगत दादा ने भी पोते को स्वर्ग से आशीर्वाद दिया। सुशांत गोयल ने बेटे के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




क्यों कहा कहने वाले ने कि हम मिस्टर गागर तक पहुंचाना चाहते हैं भगवा पहलवान की मोहब्बत का केस? हम कराना चाहते हैं एहसास कि क्यों है कमांडर के दिल में उनका मिल्की-वे गैलेक्सी जितना स्पेस? हमने देखा कमांडर के बर्थडे को लेकर उन्होंने व्यक्तिगत मिलाये तमाम लोगों को फोन? कहा आपके आने से ही आयेगा बर्थडे में पंच? हम आपका इंतजार करेंगे क्योंकि कार्यक्रम में है लंच? कहने वाले ने कहा भगवा गागर को भी कराना होगा ऐसे ही प्रेम का एहसास? केवल साथ बैठकर मुस्कुराने से नहीं बनेगी बात?

क्यों कहा कहने वाले ने किआज है भगवा कमांडर का बर्थडे? देखना अब ये है कि कितने विधानसभा के दावेदार उनको मौके पर पहुंच कर देंगे बधाई? कहने वाले ने कहा हमें हैं इस बात की जानकारी? कई दावेदारों ने तो भगवा कमांडर को एक दिन पहले ही बर्थडे की दे दी विश? कह दिया हम आपके बर्थडे पर कल आने को थे तो सही बहुत बेकरार? मगर क्या करें कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी हैं कि जिस दिन आपका बर्थडे है उस दिन हैं हम उत्तर प्रदेश से भी बाहर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत ही दिनों बाद भगवा निशांत भैया के हुए हमें दीदार? उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा हमें बहुत अच्छा लग रहा था यार? उनका बहुत बहुत शुक्रिया कि उन्होंने दिनेश जी को बधाई देता हुआ लगवा दिया होर्डिंग? बस उस होर्डिंग से ही नजर आ गया हमको इतने दिनों बाद उनका फेस? हम तो ऐसे ही उनके फोटो देखकर खुश हो जाते हैं? हमें भले ही ना दें वो अपने दिल में स्पेस? फिर भी हमारे मन में बची हुई है आस? कभी ना कभी तो उनके लाईव वाले दीदार हमें होगें साहब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि रूद्र सा प्रताप रखने वाले त्यागी जी ने कमांडर के बर्थडे को लेकर की है स्पेशल तैयारी? जब आयेंगे वो आयोजन स्थल पर तब उनकी ये तैयारियां चला देंगी कईंयों के दिल पर आरी? कहने वाले ने कहा उन्होंने तैयार किया हुआ है कमांडर के लिए कोई बड़ा सरप्राईज? वो किसी से कह रहे थे कि हमें भाजपा अध्यक्ष लगते हैं बहुत ही नाईस? भले ही वो खेलें हमारे साथ पद वाली आइस-पाइस? मगर आज उनको चौंका देगा हमारा सरप्राईस?

क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिनों से एक बात जानने को हमारा मन रहा है डोल? साईकिल वाले भोले के आजकल क्यों सुनाई नहीं दे रहे हैं बोल? उनकी सक्रियता के भी नहीं हो रहे हैं हमको दीदार? ऐसा लग रहा है कि जैसे वो हिमालय पर जाकर कोई तपस्या कर रहे हों यार? जो भी हो उनके नहीं दिखने के किस्से हो रहे हैं आम? कभी इस चेहरे की दिखाई देती थी तमाम तरह की क्रान्ति? फिलहाल तो इनकी राजनीति फील कर रही है शांति?

क्यों कहा कहने वाले ने कि ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के अतिप्रिय मैम्बर आयुक्त और मैडम की रस्साकशी को लेकर हैं काफी बेचैन? सुना है वो दोनों के बीच के विवाद को कराना चाहते हैं शांत? मगर तमाम कोशिशों के बावजूद वो हैं बेचैन? सुना है ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के सामने उनके समझाने बुझाने के प्रयास हो रहे हैं बेकार? कोशिशें तो वो बहुत कर चुके हैं? मगर हर मोर्चे पर मिल रही है उनको हार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के बर्थडे पर हम बात को लेकर तो हैं कन्फर्म कि सांसद से लेकर विधायक तक मौके पर आकर करेंगे उनको विश? मगर हम इतना बताना चाहते हैं कि कमांडर पहले की तरह इस बार भी साहब को करेंगे मिस? हमें पता है उनकी आंखें करेंगी लगातार साहब के आने का इंतजार? चांसेज हमें बहुत ही कम नजर आ रहे हैं? अगर आ गये साहब देने के लिए बधाई, तो समझ लो वो होगा बहुत बड़ा चमत्कार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आम जनता तक पहुंचाना चाहता हूं अपने दर्द-ए-दिल की टोन? क्यों सांसद और विधायकों ने टैक्स बढ़ोत्तरी वाले इश्यू पर खुद को किया हुआ है मौन? कहने वाले ने कहा हो सकता है उनके किसी जनप्रतिनिधि से नहीं बनते हों मेल? मगर ऐसा होने से अधिकारी कर देते हैं खेल? दूरियों के दस्तूर को वो भांप जाते हैं श्रीमान? तभी बनाते हैं वो टैक्स बढ़ोत्तरी का प्लान? इनकी दूरियों की वजह से किसी को हो ना हो, मगर जनता को तो हो ही रहा है नुकसान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें फेसबुक पर दो चेहरे एक दूसरे की तारीफ करते हुए देते हैं दिखाई? एक है कांग्रेस का चेहरा तो दूसरा है सपाई? जीतू भैया नसीम भैया की तारीफों के करते हैं गुणगाान? जब जीतू भैया कुछ करते हैं तब नसीम भैया तारीफों से भर देते हैं आसमान? कहने वाले ने कहा यूं ही नहीं चढ़ा है दोनों में भाईयों वाला प्यार परवान? दोनों ने एक समय जेल में एक साथ कईं राते गुजारी हैं? तब से लेकर अब तक तारीफों दौर जारी है?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व मैम्बर भगवा राणा को क्षेत्र की जनता कर रही है इस वक्त बहुत ज्यादा याद? सुना है मौजूदा वाले मैम्बर के खिलाफ उठने लगी है आवाज? कहने वाले कह रहे हैं कि राणा जी के होते हुए हमें कभी नहीं हुई वार्ड की समस्याओं को लेकर परेशानी? मगर जब बदल गया वार्ड का आरक्षण, तब बदल गई हमारी भी कहानी? आज हम मिस्टर राणा को बहुत ज्यादा करते हैं मिस? ये वो चेहरा था जो जन-समस्याओं को निपटाने के लिए ले लिया करता था कोई भी बड़ा रिस्क?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।